


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## केरल में आज चुनावी शंखनाद करेंगे पीएम मोदी, कई परियोजनाओं की करेंगे शुरुआत

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

केरल में भाजपा के चुनावी मैदान में जोरशोर से कूदने की शुरुआत आज से हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शुक्रवार से केरल में चुनावी बिगुल फूंक देंगे। तिरुवनंतपुरम में नगर निकाय के चुनाव जीतने और भाजपा का महापौर बनाने के बाद भाजपा के नेता, कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन की जोड़ी को शीर्ष नेतृत्व ने पहले से सियासी जमीन उर्वर बनाने के लिए केरल में चाक चौबंद किया हुआ है। उसका असर भाजपा के पक्ष में दिखने भी लगा है। सूबे में इसी साल अप्रैल, मई तक चुनाव होने हैं। 23 मई तक 140 सदस्यीय नई विधानसभा का गठन होना है। केरल में मूल रूप से वाम नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस नेतृत्व वाली यूडीएफ की सरकारें बारी बारी से बनती रही है। इस बार भाजपा के सूबे की सियासी फिजा पूरी तरह बदल दी है। यही वजह है कि पिछले 45 दिनों में पीएम मोदी का ये दूसरा केरल दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पीएम मोदी अगले पांच साल में केरल के विकास की रूप रेखा रखेंगे। इसे भाजपा सरकार बनने के नींव के तौर पर राजनीतिक हलकों में परिभाषित किया जा रहा है।



शुक्रवार को पीएम मोदी तिरवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनका लोकार्पण करेंगे और हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी, शहरी आजीविका, विज्ञान और नवाचार, नागरिक-केंद्रित सेवाओं तथा उन्नत स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जो प्रधानमंत्री के समावेशी विकास, तकनीकी प्रगति और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार पर निरंतर फोकस को दर्शाती हैं।

रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री चार नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और एक पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं। ये हैं- नागरकोइल-मंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, तिरुवनंतपुरम-तांब्रम अमृत भारत एक्सप्रेस, तिरुवनंतपुरम-चार्लापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस तथा त्रिशूर-गुरुवायूर के बीच नई पैसेंजर ट्रेन। इन सेवाओं से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। इससे यात्रा सस्ती, सुरक्षित और समयबद्ध बनेगी, साथ ही पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

शहरी आजीविका को मजबूत करने के प्रयास में प्रधानमंत्री पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च करेंगे, जो स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वित्तीय समावेशन की अगली कड़ी है। यह UPI से जुड़ा ब्याज-मुक्त रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा तत्काल तरलता प्रदान करेगी, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगी और लाभार्थियों को औपचारिक क्रेडिट इतिहास बनाने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री एक लाख ▸▸शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

#### अब 'बॉर्डर 2' भी खाड़ी देशों में नहीं होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' रिलीज को तैयार है। फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को रिलीज की मंजूरी मिल गई है। लेकिन 'बॉर्डर 2' खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकेगी। खाड़ी देशों में इसे अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है। यूए 13+ सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।



#### पटना-हावड़ा मेन लाइन पर ट्रेन से टकराया ट्रक

**देवघर।** झारखंड में हावड़ा-पटना मेन रेल मार्ग पर पूर्व रेलव के आसनसोल रेलखंड पर गुरुवार सुबह को एक बड़ा रेल हादसा होते-होते रह गया। जसीडीह और मधुपुर रेल खंड पर कुमड़ाबाद रोहिणी और शंकरपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेल गुमटी संख्या 27 पर 13510 डाउन गोंडा-आसनसोल एक्सप्रेस रेलवे फाटक पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते टल गया।



#### वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी बांग्लादेश की टीम

**नई दिल्ली।** टी20 विश व कप 2026 के लिए बांग लादेश क्रिकेट टीम भारत नहीं आएगी। आईसीसी से मिली एक दिन की मोहलत के बाद बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल यह ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर भारत में विश व कप नहीं खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों और युवा एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के बीच हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया।



### 25 जनवरी को भारत दौरे पर आएंगे यूरोपीय संघ के दो शीर्ष नेता


## पीएम के साथ होगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, एफटीए ऐलान की संभावना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) के दो बड़े नेता चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। ईयू नेताओं का यह दौरा ऐसे समय में अहम माना जा रहा है, जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से लेकर 28 जनवरी तक भारत में रहेंगे। इसके अलावा, दोनों नेता इस बार 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोनों नेता 27 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। भारत दौरे पर उनकी मुलाकात देश की राष्ट्रपति और प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू से होगी। इसके साथ ही दोनों नेता भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। भारत ▸▸शेष पेज 5 पर

*गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे कोस्टा और लेयेन*

*16वें भारत-ईयू सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे*



यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

#### एक छोटा ईयू सैन्य दल परेड में भाग लेगा

एक छोटा ईयू सैन्य दल गणतंत्र दिवस क परेड में भाग लेगा। ऑपरेशन अटलांटा और ऑपरेशन एस्पाइड्स जैसे ईयू नौसैनिक अभियानों के झंडे प्रदर्शित किए जाएंगे। व्यापार और सुरक्षा से जुड़े नेताओं सहित 90 से अधिक ईयू अधिकारी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शीर्ष यूरोपीय नेतृत्व की मौजूदगी दोनों पक्षों के बीच बढ़ते राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है।

#### नए समझौतों की घोषणा होगी

उच्चस्तरीय शिखर सम्मेलन की बैठक में भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष, रक्षा सहयोग और मोबिलिटी से जुड़े नए समझौतों की घोषणा की संभावना है। बता दें, भारत-ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता 2007 में शुरू हुई थी, 2013 में स्थगित हुई और जून 2022 में फिर से शुरू की गई। नए समझौतों की घोषणा के बाद कानूनी जांच और यूरोपीय संसद द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया होगी। एफटीए लागू होने से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा, शुल्क कम होंगे और भारतीय निर्यातकों व यूरोपीय निवेशकों को बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

#### भारतीय श्रमिकों की यूरोप में आवाजाही

बैठक में भारतीय श्रमिकों की यूरोप में आवाजाही पर प्रस्तावित एमओयू हो सकता है। यह कानूनी और संरचित प्रवासन मार्गों पर केंद्रित होगा। कुशल पेशेवरों, छात्रों और शोधकर्ताओं को लाभ मिलेगा। फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे देशों के साथ पहले से ऐसे द्विपक्षीय समझौते मौजूद हैं। नया ढांचा ईयू स्तर पर सहयोग को विस्तार देगा। यह पहल लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगी, यूरोप की कुशल श्रम मांग को पूरा करेगी और भारत के युवा कार्यबल के लिए नए अवसर खोलेगी।

**मीडिया कवरेज के लिए सीमित प्रवेश**

*विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि ज्यादा डिमांड की वजह से, एक्सपी डिवीजन हैदराबाद हाउस के अंदर लोगों की संख्या कम रखेगा और वायर सर्विस को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि सभी आउटलेट को विजुअल्स मिल सकें। हैदराबाद हाउस की तस्वीरें और वीडियो विदेश मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल पर उपलब्ध होंगी और मंत्रालय को क्रेडिट देकर रिपोर्टिंग के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने सभी मीडिया आउटलेट्स से अनुरोध किया है कि हैदराबाद हाउस में होने वाले कार्यक्रम के लिए 23 जनवरी, 2026 को 10 बजे तक गूगल शीट भर दें।*

### ओम से एल्गोरिदम तक, झांकी राष्ट्र की फलती-फूलती रचनात्मक अर्थव्यवस्था को दर्शाएगी

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी में भारत की कहानी कहने की परंपराओं और वेव्स के विज़न को दिखाया जाएगा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी, 'भारत गाथाः श्रुति, कृति, दृष्टि' कहानी कहने की कला में भारत की सभ्यतागत यात्रा की शक्तिशाली दृश्य कहानी प्रस्तुत करेगी। इसमें प्राचीन मौखिक परंपराओं से लेकर वैश्विक कंटेंट और मीडिया पावरहाउस के रूप में इसके उदय तक की पूरी यात्रा दर्शाई जाएगी। यह झांकी आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती है, जो सांस्कृतिक विरासत को तकनीकी नवाचार के साथ सहज रूप से मिलाती है। श्रुति भारत की समृद्ध मौखिक विरासत का प्रतीक है, जिसे पीपल के पेड़ के नीचे शिष्यों को ज्ञान देते हुए गुरु के माध्यम से दर्शाया गया है। इसके साथ ही ओम की ब्रह्मांडीय अनुगूंज और ज्ञान की उत्पत्ति का प्रतिनिधित्व करने वाले ध्वनि-तरंग रूपांकनों को भी प्रदर्शित किया गया है। कृति लिखित अभिव्यक्ति के विकास को चिह्नित करती है, जिसमें भगवान गणेश महाभारत लिख रहे हैं। इसे पांडुलिपियों, प्रदर्शन कलाओं और शुरुआती संचार परंपराओं के दृश्यों के माध्यम से भी दिखाया गया है जिन्होंने ▸▸शेष पेज 5 पर

### छत्तीसगढ़ की झांकी रक्षा मंत्रालय ने की स्वीकृत

## वीर गुंडाधुर ने अंग्रेजों के खिलाफ कैसे धुर्वा जनजातीय समाज को किया था एकजुट, कर्तव्य पथ पर 26 को होगा जीवंत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर निकलने वाली छत्तीसगढ़ की झांकी इस वर्ष देशवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। "स्वतंत्रता का मंत्र – वंदे मातरम्" थीम पर आधारित यह झांकी जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की गौरवगाथा को भव्य रूप में प्रस्तुत ▸▸शेष पेज 5 पर



### कुरुक्षेत्र में विभिन्न संगठनों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक आयोजित

## जनभागीदारी से बनेगा हरियाणा का बजट राज्य का विकास प्राथमिकता : सीएम सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जनभागीदारी से हरियाणा का बजट बनेगा। कुरुक्षेत्र में वीरवार को विभिन्न संगठनों के साथ आयोजित बजट-पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। इस अवसर पर उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समाज के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, अधिवक्ता परिषद, विश्व हिंदू परिषद, क्रीड़ा भारती सहित अन्य प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित बजट से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव सरकार के समक्ष प्रस्तुत किए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह किसी एक सरकार या किसी चुनावी एजेंडे का बजट ▸▸शेष पेज 5 पर



### भोजशाला विवादः पूजा और नमाज पर 'सुप्रीम' फैसला

## सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा-प्रार्थना दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन धार में विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी शुक्रवार के दिन दोपहर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक नमाज पढ़ने की इजाजत दी है।



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे आपसी सम्मान और सहयोग बरकरार रखें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज ▸▸शेष पेज 4 पर

### दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों के सम्मान व अधिकार से जुड़ा कानून था

## खरगे और राहुल गांधी ने देश के मज़दूरों को किया आह्वान कहा- मनरेगा को बचाने के लिए एकजुट होकर करें संघर्ष



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने देश के मजदूरों से आह्वान किया कि वे मनरेगा कानून की बहाली के लिए एकजुट होकर उसी तरह संघर्ष करें जैसे किसानों ने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ किया था। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरी कांग्रेस पार्टी मजदूरों के साथ खड़ी है और मनरेगा को उसके पुराने स्वरूप में बहाल कराने के लिए संसद से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी जाएगी। कांग्रेस नेता गुरुवार को दिल्ली के जवाहर भवन में 'रचनात्मक कांग्रेस' द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय मनरेगा मजदूर' सम्मेलन में देशभर से आए मनरेगा मजदूरों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों मनरेगा मजदूरों और कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर लाए गए वीबी ग्राम जी कानून का विरोध किया।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार नए कानून के जरिए गरीबों को फिर से बंधुआ मजदूर बनाकर अमीरों के हाथों में सौंपने जा रही है, ताकि वे उनकी मर्जी से काम करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों के सम्मान व अधिकार से जुड़ा कानून था। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब किसी सरकार ने राष्ट्रपिता के नाम पर बनी योजना से उनका नाम हटाने की हिमाकत की है। मनरेगा को खत्म करना सिर्फ कमजोर तबकों पर प्रहार नहीं, बल्कि गांधी जी के ग्राम स्वराज की सोच पर हमला करने की साजिश है। बीते वर्षों में मोदी सरकार द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर करने वाले कदमों को बताते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा कि डिजिटल अटेंडेंस और आधार पर आधारित भुगतान प्रणाली जैसी पेचीदगियों के बहाने लाखों मजदूरों को सूची से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी को महंगाई सूचकांक से नहीं जोड़ा गया। सरकार 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने में भी विफल रही है और आज औसतन 40-45 दिन ही काम दिया जा रहा है, जबकि अब 125 दिन काम देने की ▸▸शेष पेज 5 पर

## एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा

# समयपुर बादली में 17 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



समयपुर बादली थाना इलाके में पुरानी रंजिश के चलते 17 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने हत्या के चार घंटे के भीतर मामले में एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। इनके नाम अजय उर्फ बिंदी (20), सन्नी उर्फ भटूरा (19), सूरज (18) और राजू उर्फ बंगाली (19) बताये गये हैं।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार आरोपियों को एसएचओ शैलेंद्र सिंह जाखड़ के नेतृत्व में एसआई सत्येंद्र, हेड कांस्टेबल विनोद, तरुण, प्रवीण दहिया, सतीश और कांस्टेबल वीरेंद्र व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने पकड़ा है। बुधवार शाम करीब 7:30 बजे पीड़ति छट घाट पार्क, राणा पार्क में दोस्तों के साथ अलाव के पास बैठा था। इसी दौरान 6-7 युवकों का एक समूह वहां पहुंचा और झगड़े के बाद पीड़ित और उसके दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के दौरान एक चाकू पीड़ति की बगल और पसलियों के बीच लगा, जिससे अधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और छापेमारी के बाद पांचों आरोपियों को पकड़ा गया। जांच में पुलिस को पता चला कि अजय पर पहले से एक मामला दर्ज है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके साथ वारदात के वक्त और कौन मौजूद था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों और पीड़ति के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका है।

### बस स्टैंड पर हो रहे झगड़े के बीच में आये हेड कांस्टेबल को मारा चाकू

नई दिल्ली। नॉर्थ-ईस्ट जिले के खजूरी खास थाना इलाके में बस स्टैंड पर हो रहे झगड़े के बीच में आये यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल को चाकू मार दिया गया। हमले में एक अन्य राहगीर भी घायल हुआ है। इसके बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके नाम कुलदीप (31) और सचिन पांडे (32) बताये गये हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार बुधवार को जग प्रवेश चंद अस्पताल से खजूरी खास थाने में चाकू लगने से घायल दो लोगों को भर्ती करवाये जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस को दो लोग घायल अवस्था में मिले। यूपी पुलिस में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप ने पुलिस को बताया कि वह अंकुर विहार थाने में तैनात हैं। वजीराबाद रोड पर एक बस स्टॉप पर इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन लोग आए और बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे लोगों से झगड़ा करने लगे। कुलदीप ने बीच बचाव किया तो आरोपी मौके से भाग गए। कुछ ही मिनटों बाद वे वापस आए और उन्हें चाकू मार दिया। एक राहगीर सचिन पांडे ने कुलदीप को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

## भलस्वा डेयरी में ट्रक से कुचलकर बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भलस्वा डेयरी थाना इलाके में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी। गंभीर रूप से घायल दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान आजाद भारती (28) और दीपेश (28) के रूप में हुई है। पुलिस लापरवाही समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। ट्रक चालक गिरफ्तार हो गया है। आरोपी चालक का नाम अमृतसर निवासी बलजिंदर सिंह (35) बताया गया है। पुलिस ने ट्रक व बाइक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात करीब 11:50 बजे भलस्वा डेयरी पुलिस को दुर्घटना के बारे में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गुर्जर चौक, भलस्वा डेयरी पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि एक ट्रक और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हालत में सड़क किनारे खड़े थे। वहीं पास में दो युवक भी बेहोशी की हालत में पड़े थे। पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतकों की पहचान मुकुंदपुर निवासी आजाद भारती और दीपेश के रूप में हुई। आजाद भारती के परिवार में पिता महेंद्र कुमार और अन्य सदस्य है। वह मुकुंदपुर में एक मेडिकल शॉप पर काम करता था। वहीं दीपेश के परिवार में पिता अशोक कुमार व अन्य सदस्य हैं। वह पेशे से टैक्सी ड्राइवर था। मौके पर पुलिस को एक चश्मदीद रोहित मिला। रोहित के बयान पर केस दर्ज किया गया है। जांच में पुलिस को पता चला कि दोनों दोस्त अपने किसी जानकारी से मिलकर घर लौट रहे थे।

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 53-SRDEE-G-DLI-2025-26<br>बड़ौदा हाउस स्थित निजी शाखा के प्रशिक्षण केंद्र की मरम्मत / नवीनीकरण से संबंधित विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू0 4108332.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 82200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 12.02.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 12.02.2026, 16.00 बजे |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 231/2026

**अभियांत्रिकी कार्य**

ई-निविदा सूचना सं. 99-ENGG-RNY-2025-26। निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. 1; आइटम का संक्षिप्त विवरण:-** एसएसई/पी-वे/नॉर्थ लखीमपुर/वेस्ट के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 15.2 केएम कार्य की सेस मरम्मत। निविदा मूल्य: ₹3,91,67,256.99; धरोहर राशि: ₹3,45,800.00। **ई-निविदाएं** 05-02-2026 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 05-02-2026 को 15:30 बजे मंडल रेलवे प्रबंधक (कार्य), रंगिया के कार्यालय में **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (कार्य), रंगिया

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82(2)(ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अश्वनी उर्फ आशु पुत्र प्रेम चंद निवासी झुग्गी नं. 13, जे-ब्लॉक, जे.जे. कॉलोनी शकूरपुर, दिल्ली** ने एफआईआर नं./कोर्ट केस सं. **47/2012, अन्तर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना सरस्वती विहार, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अश्वनी उर्फ आशु** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अश्वनी उर्फ आशु** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./कोर्ट केस सं. **47/2012, अन्तर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना सरस्वती विहार, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अश्वनी उर्फ आशु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.02.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री एश्वर्या शर्मा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (उ.-प.),
कमरा नं. 106, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/892/NW/2026**
**(Court Matter)**

## एक करोड़ की चोरी का मामला सुलझा, दो आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पंजाबी बाग थाना अंतर्गत मादीपुर चौकी पुलिस ने करीब एक करोड़ की चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम मनीष और मीनू बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से 65 लाख के सोने के गहनें, 10 लाख के चांदी के गहनें और 80,499 कैश व अन्य सामान बरामद किया है।

डीसीपी डीएस भास्कर के अनुसार आरोपी को एसएचओ संजय दहिया के नेतृत्व में नरेश अहलावत (चौकी इंचार्ज), एसआई शिवपाल, हेड कांस्टेबल सुभाष, रोहताश, दलवीर, अमित छिक्कारा और कांस्टेबल अक्षय, अंकुर व गजराज की टीम ने पकड़ा है। गत 17 जनवरी को पंजाबी बाग में एलआईजी फ्लैट्स, मधुबन एन्क्लेव में चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। मौके पर शिकायतकर्ता शैलेंद्र कुमार पुलिस को मिले थे। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 16 जनवरी को एक रिश्तेदार की शादी में गए थे। अगले दिन वह लौटे तो उन्होंने देखा कि खिड़की की लोहे की ग्रिल टूटी हुई और अलमारी का लॉकर खुला हुआ था। जांच करने पर पता चला कि तीन से चार किलो सोने व चांदी के गहनें व लगभग साढ़े चार लाख कैश चोरी हुआ है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि दो नकाबपोश सुबह 3:17 बजे घर में घुसे थे और चोरी करने के बाद 3:50 बजे निकले। इनकी पहचान शंकर और मनीष के रूप में हुई। पुलिस ने उनके घर में छापा मारा। पुलिस को मौके पर शंकर की पत्नी मीनू मौजूद मिली। उसने बताया कि शंकर और उसका भतीजा मनीष सुबह-सुबह चोरी के सोने, चांदी और कैश के साथ लौटे थे। इसके बाद पुलिस ने मीनू को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने मनीष को गिरफ्तार किया।

**U.P. STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY**
UPSIDA Complex A-1/4A, Lakhanpur. Kanpur-208024
Tel.: 0512-582851-53, Website:www.onlineupsida.com, E-mail: atp_section@upsida.co.in

Reference No. /UPSIDA/ Dated: 23.01.2026

NOTICE

**Notice for Public Objection / Suggestion on Layout Plan of Industrial Area Loni Road, Site-2, Ghaziabad by which Industrial Plot No. CF-1, CF-1/1, CF-1/2, CF-1/3. CF-1/4 & CF-1/5 has been amalgamated and created new Plots CF-1-1/1-5 (Measuring-1948.61 Sq.m.)**

1 (a) The Layout Plan of **Industrial Area Loni Road, Site-2, Ghaziabad of Uttar Pradesh** State Industrial Development Authority (UPSIDA) situated **Ghaziabad** has been prepared.

(b) A copy thereof will be available for inspection at the Regional Manager of the Uttar Pradesh State Industrial Development Authority, C-2, 4th Floor Mahalaxmi mall RDC, Raj Nagar Ghaziabad between 10:00 am to 5:00 pm on all working days till the date mentioned in Para 3 hereafter as well as **Website: www.onlineupsida.com**

2 Objections and Suggestions are hereby invited with respect of the Draft Layout/Sub Division Plan.

3 Objections and Suggestions shall be sent in writing to the office of Regional Manager, UPSIDA at C-2, 4th Floor Mahalaxmi mall RDC, Raj Nagar Ghaziabad within 15 days from the date of publication of this notice mentioning subject as **"Regarding Public Objection / Suggestion on Draft Layout / Sub Division Plan for Industrial area Loni Road, Site-2, Ghaziabad"** Any person making the Objections or Suggestions should also give his/her full name & address, Email id and contact number.

**(Regional Manager)**
**U.P. State Industrial Development Authority**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल बादल उर्फ रोहित, पुत्रः संजय, पताः 9658, गली नं. 11, मुल्तानी डंडा, पहाड़गंज, नई दिल्ली** ने **FIR No. 270/2019, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल बादल उर्फ रोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल बादल उर्फ रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 270/2019, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल बादल उर्फ रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री विकास मदान
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07, पश्चिम
कमरा नं. 289, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/585/WD/2026**

### 40 लाख की लूट के मामले में कबाड़ कारोबारी समेत चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहबाद डेयरी इलाके में 40 लाख रुपये की लूट की साजिश रचने के आरोप में एक कबाड़ कारोबारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आर्थिक तंगी के कारण कारोबारी ने धन राशि लौटाने से बचने के लिए इस साजिश को रचा था। मुख्य साजिशकर्ता कबाड़ कारोबारी अमिताभ अग्रवाल ने 19 जनवरी को शिकायतकर्ता कमल यादव को एक व्यापारिक लेनदेन के सिलसिले में 40 लाख रुपये सौंपने के लिए बुलाया था। पुलिस के अनुसार अग्रवाल पहले एक पीवीसी फैक्टरी संचालित करता था और 2025 में जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। नया व्यवसाय शुरू करने के बाद अग्रवाल ने कथित तौर पर सौदे के लिए दी गई रकम वापस लेने के लिए साजिश रची। आर्थिक तंगी से जूझ रहे अग्रवाल ने साजिश रची जिसके तहत नकदी देने के बाद उसने अपने दो साथी वीरेंद्र कुमार और पवन शर्मा को शिकायतकर्ता से लूटपाट के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि अग्रवाल जिस कार में पीड़ित से मिलने आया था, उसके चालक को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। अपराध में इस्तेमाल की गई कार और स्कूटर को जब्त कर लिया गया है तथा लूटी गई पूरी रकम बरामद हो गई है।

## सोशल मीडिया पर मशहूर होने की चाहत में घर से भागा किशोर

- ऑपरेशन मिलाप की टीम ने बेंगलुरु से ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर मशहूर होने की चाहत आजकल के युवाओं के सिर चढ़कर बोल रही है। ऐसी ही चाहत रखने वाला एक किशोर दिल्ली से भागा था। दिल्ली पुलिस की 'ऑपरेशन मिलाप' टीम ने बेंगलुरु रेलवे स्टेशन से 14 वर्षीय किशोर को ढूंढ निकाला। किशोर इस महीने की शुरुआत में घर से भाग गया था। पुलिस के अनुसार किशोर बुराड़ी इलाके से 11 जनवरी को लापता हो गया था। वह 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' बनने की इच्छा रखता था और उसके माता-पिता ने उसके मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग, ऑनलाइन गेमिंग और कंटेंट क्रिएटर बनने के प्रयासों पर रोक लगा दी थी। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार किशोर के घर से भाग जाने के बाद पिता ने स्थानीय थाने में संपर्क किया था और आशंका जताई कि उनका बेटा अपहरण का शिकार हुआ है। किशोर की उम्र और संभावित जोखिम को देखते हुए टीम बनाई गई और उसकी तलाश शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि किशोर नियमित रूप से इंटरनेट पर 'रील्स' अपलोड करता था। उसकी मां द्वारा मोबाइल फोन छीन लेने पर किशोर ने चुपके से पिता का फोन लेकर घर छोड़ा था। तकनीकी निगरानी में फोन अक्सर बंद रहने के कारण चुनौती आई लेकिन बाद में उसका पता लगाया गया और यूपीआई लेनदेन से पता चला कि किशोर महाराष्ट्र होते हुए ट्रेन से दक्षिण की ओर यात्रा कर रहा था। बांठिया ने बताया कि 14 जनवरी देर रात 'फोन की लोकेशन' कर्नाटक के हुबली में मिली, जिससे पुष्टि हुई कि किशोर लंबी दूरी की ट्रेन में था। इसके बाद पुलिस ने रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ समन्वय स्थापित किया। लापता लड़के संबंधी ब्यौरा भी रेलवे पुलिस के साथ साझा किया गया। 15 जनवरी की सुबह, जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों ने किशोर को बेंगलुरु रेलवे स्टेशन पर पाया। उधर, पिता के साथ टीम तुरंत बेंगलुरू रवाना हुई और 19 जनवरी को किशोर को घर वापस लाया गया। किशोर ने पूछताछ में बताया कि उसने नयी दिल्ली से ट्रेन पकड़ी थी और तमिलनाडु सहित दक्षिण की ओर यात्रा करने का इरादा था। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह यात्रा के दौरान डिजिटल भुगतान और वीडियो अपलोड के लिए फोन को बीच-बीच में चालू करता रहा।

### सज्जन कुमार को 1984 केस में मिली राहत के खिलाफ अपील करेगी गुरुद्वारा कमेटी

**नई दिल्ली।** न्यायालय द्वारा पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को 1984 के सिख दंगों के एक मामले में बरी किए जाने के फैसले को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति अब दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देगी। इस मुद्दे पर कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि 1 और 2 नवंबर 1984 को तीन सिखों की हत्या हुई थी और इस मामले में पाँच गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए थे कि हत्या करने वाली भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार ने किया था। बावजूद अदालत ने सज्जन कुमार को बरी करने का फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि अदालत के फैसले की प्रति प्राप्त कर उसका बारीकी से अध्ययन किया जाएगा और इसके बाद इस फैसले को दिल्ली गुरुद्वारा समिति की लीगल टीम द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। गवाहों की गवाही हाई कोर्ट में करवाकर इस मामले में भी सज्जन कुमार को सजा दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज के अदालत के फैसले से सिख समुदाय के मन को गहरी ठेस पहुँची है क्योंकि 42 वर्षों बाद भी दोषी को बरी किया जाना अत्यंत दुखद है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्य शिकायतकर्ता हरविंदर सिंह कोहली का निधन हो चुका है, जिसके कारण वह अपनी गवाही नहीं दे पाए।

### कार्यकर्ताओं को 13000 से अधिक बूथों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी: यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई जिसमें लोकसभा आब्र्जवर, जिला आब्र्जवर, विधानसभा आब्र्जवर और बीएलए-1 आदि मौजूद थे। बैठक में यादव ने कहा कि जल्द ही बीएलए-2 की जिम्मेदारी स्थानीय क्षेत्र, बूथ, और वहां के लोगों से अच्छे सम्पर्क रखने वाले शिक्षित और कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ताओं को 13000 से अधिक बूथों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों और सत्ता पक्ष की जन विरोधी नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य सुचारू रूप से किया जा सकेगा। यादव ने बैठक में प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 बनाने की प्रक्रिया की मौजूद लोगों से पूर्ण जानकारी ली। पिछले एक वर्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन का नतीजा है कि दिल्ली कांग्रेस हर बूथ तक पहुंचने में कामयाब हो रही है। संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में हमने सभी ब्लॉक अध्यक्ष बनाने, ब्लॉक कार्यकारिणी, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर इंचार्ज बनाने के काम को बूथ मैनेजमेंट कमेटी और प्रत्येक विधानसभा में बीएलए-1 के गठन का काम लोकसभा और जिला आब्र्जवरों के सहयोग से पूरा कर लिया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में फैकल्टी डॅवलपमेंट सैल बिल्डिंग में कांफ्रैंस हॉल्स और मीटिंग रूम में एलईडी स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल की आपूर्ति व स्थापना। | 21.01.2026<br>10.02.2026 | 10.96 लाख | https://mdu.ac.in/etenders.hry.nic.in | 9991366698<br>xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42332/I/88/7 दि. 22.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगरीय भूमि एमआईई पार्ट-बी, नगर परिषद बहादुरगढ़ में डॉग शेल्टर और स्क्रैप यार्ड का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि<br>27.01.2026 | रु. 3,63,99,480/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393<br>eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42304/I/88/7 दि. 22.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स नरवाना में दिव्यांग व्यक्तियों हेतु सुविधाएं। | 21.01.2026<br>02.02.2026 | 80.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075<br>pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी जिले में चौ. बंसीलाल हवाई पट्टी भिवानी में विभिन्न भवन का निर्माण (बकाया हाई बे लाइट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 21.01.2026<br>30.01.2026 | 15.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, जिला करनाल में नये नियुक्त किए गए ज्यूडीशियल ऑफिसर के लिए सात न्यायालय कमरों का निर्माण (ए.सी. का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 22.01.2026<br>29.01.2026 | 55.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696<br>pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में एनएच-09 सहित सिरसा जंक्शन के मिनी बाईपास पर कि.मी. 226/1-2 रेवाड़ी बठिंडा सेक्शन पर एलसी नं. 146 एसपीएल. पर दो लेन आरओबी के निर्माण हेतु डीएनआईटी। | 21.01.2026<br>11.02.2026 | 1073.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959<br>pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में भ व प सड़कों अर्थात डीएचएस रोड निकट खेड़ीसाध बाईपास और आईएमटी चौक से जीन्द आरओबी तक तथा शीला चौक से गांव बोहर तक सोनीपत रोड पर सोडियम लाइट का एलईडी स्ट्रीट लाइट के साथ अपग्रेडेशन (सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 21.01.2026<br>28.01.2026 | 79.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655<br>pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 3000-आर कुस्सार माइनर पर ओ/एल का पुनर्निर्माण, डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग की मरम्मत और कुस्सार माइनर के आरडी 3000 पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत। | बंद होने की तिथि<br>27.01.2026 | 1.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761<br>xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | रिठाल किलोई मुंडाक लिंक ड्रेन पर आरडीएस 260, 1720, 3900, 4900, 5300, 5900, 8600, 10200, 22600 पर आरसीसी बॉक्स कल्वटर्स सहित पाइप कल्वर्ट को बदलने के कार्य हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि<br>02.02.2026 | 241.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126<br>xenconst21@gmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. वाटमैन फिल्टर पेपर नं. 1 :- 46×57 सेमी. शीट, 500/पीके 2. वाटमैन फिल्टर पेपर नं. 42 :- 46×57 सेमी. शीट, 100/पीके | 23.01.2026<br>06.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा अपेक्षित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में अपेक्षित एनएबीएल सर्टिफाइड ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट की अधिप्राप्ति के लिए 02 वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना। | 22.01.2026<br>05.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में अल्कलाइन पोटेशियम परमेंगनेट मैथड द्वारा मृदा में नाइट्रोजन एनालिसिस के लिए पूर्णतया ऑटोमेटिक ऑटो एनालाइजर की अधिप्राप्ति के लिए 02 वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना। | 22.01.2026<br>05.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटाली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में वेस्ट वाटर की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2026<br>28.01.2026 | 162.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067<br>prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | हिसार सिटी में सुपर सकर गाद निकालने की मशीन द्वारा विभिन्न आकार की सीवर लाइंस की सफाई। पी3 | बंद होने की तिथि<br>02.02.2026 | 237.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033<br>eephisar@gmail.com |
| 13 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 98 अदद 5.56×44 एमएम कार्बाइन सीक्यूबी की खरीद। | 21.01.2026<br>06.02.2026 | 99.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319<br>supdt.provphq@gmail.com |
| 14 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | किचन और डाइट्री सेवाओं के लिए ई-निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। (सेवाएं) | 22.01.2026<br>02.02.2026 | EMD 2.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361<br>Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 15 | वन विभाग भिवानी | डीएफओ ऑफिस के साथ लगती पश्चिमी साइड चारदिवारी के निर्माण हेतु निविदा। | 22.01.2026<br>29.01.2026 | 3.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430<br>dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 16 | वन विभाग सिरसा | डिमार्केशन वर्क्स, बिल्डिंग रखरखाव और कल्चरल ऑपरेशन वर्क्स के लिए सार्वजनिक सूचना। | बंद होने की तिथि<br>27.01.2026 | 8.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545<br>forest_sirsa@yahoo.com |
| 17 | सामाजिक न्याय, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सशक्तिकरण और अंत्योदय (सेवा) विभाग रोहतक | मानसिक रूप से विकलांग, बच्चों के लिए अर्पण संस्थान रोहतक / मानसिक विकलांग व्यस्क व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु श्रवण केन्द्र रोहतक के लिए जनरेटर। | 24.01.2026<br>02.02.2026 | 50000/- | www.shravanorg.com | 8307434351<br>dsworoh@hry.nic.in |
| 18 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में गांव पीलीमंदोरी में 'संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के तहत पण्डित जसराज जी जयंती के समारोह के सम्बन्ध में टेंट और अन्य सम्बन्धित मदों की आपूर्ति व स्थापना (निविदा आईडी 2026_HRY_498598_1)। | 22.01.2026<br>27.01.2026 | 47.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120<br>pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 19 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | शारीरिक माप परीक्षा और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट सेवाओं के लिए ई-निविदा सूचना। | 22.01.2026<br>05.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | http://www.hssc.gov.in | 9814301658<br>hsscresultpublication@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/380/42348/I/88/7 दि. 22.01.26

## मुख्यमंत्री ने छठ घाटों के निर्माण की रखी आधारशिला

# मुनक नहर बनेगी आस्था व संस्कृति का केंद्र, बनेगा भव्य छठ घाटः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मुनक नहर के कायाकल्प और भव्य छठ घाटों के निर्माण की आधारशिला रखी। वर्षों से गंदगी और बदहाली का शिकार रही यह नहर अब जल्द ही आस्था, स्वच्छता और आधुनिकता का नया प्रतीक बनेगी।



मुख्यमंत्री ने इसे पूर्वांचल के लाखों श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि अगली छठ पूजा तक यहां का वातावरण पूरी तरह बदल जाएगा। यह क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, वजीरपुर की विधायक पूनम भारद्वाज, केशव पुरम के भाजपा जिलाध्यक्ष अजय खटाना और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग में विकास कार्य की शुरुआत करते हुए कहा कि बरसों से बदहाल पड़ी मुनक नहर को साफ करके उसे सुंदर बनाया जाएगा और वहां छठ पूजा के लिए घाट भी तैयार किए जाएंगे। जिस नहर को लोग वर्षों से गंदगी और अव्यवस्था का प्रतीक मानकर नापसंद करते थे, वही अब आस्था और संस्कृति का मुख्य केंद्र बनेगी। यह प्रोजेक्ट शालीमार बाग, पीतमपुरा, केशवपुरम, नेताजी सुभाष प्लेस, पंजाबी बाग और कोहाट एन्क्लेव जैसे आसपास के इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए बड़े तोहफे की तरह है। इस काम के पूरा होने के बाद हर दिन 30 हजार से ज्यादा लोग यहां सैर करने और अन्य गतिविधियों के लिए आ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए नहर के पास नई सड़क बनाई जाएगी और सिंगलपुर पुल को चौड़ा किया जाएगा। इन बदलावों से वर्षों से उपेक्षित रही यह जगह अब सुंदर सार्वजनिक स्थल में बदल जाएगी, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर और आधुनिक बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। इससे न केवल क्षेत्र की रौनक बढ़ेगी बल्कि ट्रैफिक की समस्या में भी काफी सुधार होगा।

### नहर के ऊपर 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगा एलिवेटेड रोड

मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि सरकार की ओर से नहर के ऊपर 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। यह इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर यूईआर-2 तक जाएगा। इस सड़क के बनने से रोहिणी और बाहरी दिल्ली जाने वाले लोगों को गलियों के ट्रैफिक में नहीं फंसना पड़ेगा और उनका सफर आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह कदम केवल नहर को सुधारने के लिए नहीं, बल्कि पूरे इलाके के विकास के लिए ऐतिहासिक शुरुआत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार वर्षों से रुके हुए कामों को पूरा करके जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

## निगमायुक्त ने संभाला कार्यभार विभाग प्रमुखों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त के रूप में बृहस्पतिवार को आईएएस संजीव खिरवार ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर खिरवार ने अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि इनमें शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, दिल्ली नगर निगम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस के तहत सुधार तथा सुगम और बेहतर नागरिक सेवाएं प्रदान करना शामिल है।

इस अवसर आयुक्त खिरवार ने नागरिक सेवाओं के तेज़ और अधिक जवाबदेह वितरण के लिए पारदर्शिता और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर विशेष जोर दिया। खिरवार कंप्यूटर साइंस में बी.टेक की शैक्षणिक पृष्ठभूमि के अधिकारी हैं। खिरवार का जोर एमसीडी में तकनीक-आधारित शासन और डिजिटल परिवर्तन को और गति देने पर होगा, जिससे सेवा वितरण में सुधार और नागरिक प्रशासन की समग्र गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने निगम मुख्यालय में विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की। महापौर से भी औपचारिक मुलाकात की। बता दें कि नए आयुक्त 1994 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और एजीएमयूटी कैडर से हैं। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है। खिरवार का प्रशासनिक करियर लंबा और समृद्ध रहा है। उन्होंने पर्यावरण, राजस्व और दिल्ली प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है।

## हवा में सुधार के बाद सीएक्यूएम ने दिल्ली एनसीआर से हटाई ग्रेप तीन की पाबंदियां

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण में सुधार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली एनसीआर में लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) तीन की पाबंदियों को हटा दिया है, जिसके बाद लोगों को कई प्रतिबंधों से और राहत मिलेगी। ग्रेप तीन को वापस लेने के बाद आयोग ने नागरिकों से प्रदूषण नियंत्रण उपायों का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील की है। आयोग ने कहा है कि लेकिन अभी भी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप एक व दो की पाबंदियां पहले की तरह ही लागू रहेगी, और उनका पालन सख्ती से करना चाहिए। आयोग के अनुसार, अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के चलते दिल्ली का एक्यूआई घटकर 322 दर्ज किया गया है, जो पहले सीवियर श्रेणी में था। आयोग ने यह भी साफ कहा है कि जिन निर्माण और विध्वंस परियोजनाओं को नियमों के उल्लंघन के कारण अलग से बंद करने का आदेश दिया गया था, वे बिना आयोग की विशेष अनुमति के किसी भी हाल में दोबारा शुरू नहीं होंगी। वहीं भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक, आने वाले दिनों में एक्यूआई मध्यम से खराब श्रेणी में बने रहने की संभावना है। बता दें कि ग्रेप तीन हटने से पाबंदियों में बड़ा बदलाव होगा।

# दिल्ली और देहात में विकास के अंतर को खत्म कर पाएंगे निगम आयुक्त?

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को भले ही देश की राजधानी कहा जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि राजधानी के भीतर ही शहरी दिल्ली और देहाती इलाकों के विकास में गहरी खाई आज भी मौजूद है। चमकदार सड़कों, आधुनिक सुविधाओं और तेज़ सेवाओं वाली शहरी कॉलोनियों के मुकाबले देहात और बाहरी इलाकों में आज भी टूटी सड़कें, अधूरी नालियां, जलभराव, सफाई की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं का अभाव आम समस्या बने हुए हैं। ऐसे समय में नगर निगम दिल्ली के नए आयुक्त संजीव खिरवार के सामने यह सवाल सबसे



महत्वपूर्ण बनकर खड़ा है कि क्या वे दिल्ली और देहात में विकास के अंतर को खत्म कर पाएंगे? दिल्ली देहात के नरेला, बवाना, बुराड़ी, अलीपुर, नजफगढ़, द्वारका के ग्रामीण क्षेत्र और अन्य देहाती इलाकों में विकास योजनाएं अक्सर फाइलों तक सीमित रह जाती हैं। गांवों के शहरीकरण के बावजूद

■ नए निगम आयुक्त के सामने सबसे बड़ी जनहित चुनौती

मूलभूत सुविधाएं अब भी अधूरी हैं। सफाई कर्मियों की कमी, कूड़ा उठाने की अनियमित व्यवस्था और नालों की समय पर गहराई से सफाई न होने से स्वास्थ्य संबंधी खतरे लगातार बढ़ रहे हैं और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण निगरानी नहीं होना बताया जाता है।

### निगम की भूमिका और आयुक्त की परीक्षा

दिल्ली नगर निगम की जिम्मेदारी है कि वह विकास को केवल कनॉट प्लेस और आसपास के वीआईपी क्षेत्रों तक सीमित न रखे, बल्कि दिल्ली और देहात क्षेत्र के लिए समान विकास मॉडल अपनाए। नए आयुक्त के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि नीतियों को जमीन पर उतारने के लिए निगम की वेबसाइट पर जोन, गांव, कॉलोनी स्तर पर विकास कार्यों की जानकारी अपडेट रखे और विकास कार्य फाइलों में न रहकर ज़मीन पर हो। इसके लिए वार्ड स्तर पर वास्तविक जरूरतों का आकलन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भागीदारी तथा विकास कार्यों की सतत निगरानी जरूरी होगी।

### तकनीक से जनता को राहत और राजस्व में होगी बढ़ोतरी

कंप्यूटर साइंस की पृष्ठभूमि वाले आयुक्त खिरवार से उम्मीद है कि वे सबसे पहले अधिकारियों को एमसीडी की वेबसाइट को अपडेट करने के निर्देश जारी करें। डाटा आधारित योजना, जियो-टैगिंग, ऑनलाइन मॉनिटरिंग और पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया को मजबूती देंगे। साथ ही राजस्व अर्जित करने वाले विभागों की नियमित निगरानी और जनता के लिए पारदर्शी प्रणाली हो। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि किस इलाके में कितना काम हुआ और कहां केवल कागजी प्रगति दिखाई जा रही है।

### जनहित में निर्णय ही बदल सकते हैं तस्वीर

यदि निगम आयुक्त देहाती इलाकों को भी शहरी क्षेत्रों की तरह प्राथमिकता दें, बजट का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करें और अधिकारियों की जवाबदेही तय करें, तो विकास का अंतर कम किया जा सकता है। यह केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है। अब दिल्ली की जनता, खासकर देहाती क्षेत्रों के निवासी, इस उम्मीद के साथ नए आयुक्त की ओर देख रहे हैं कि क्या वे वास्तव में दिल्ली और देहात में एक समान विकास कार्य की सोच को ज़मीन पर उतार पाएंगे या फिर उनकी प्राथमिकताएं भी फाइलों में दबकर रह जाएंगी।



## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 56000 रुपए की ठगी के मामले में ठगों को कॉलिंग के लिए सिम कार्ड उपलब्ध करवाने वाले एक आरोपी सोबिन निवासी बेजवा, जिला अलवर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बसेलवा कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि वह अलमारी बेचने का काम करता है।

### ठगी करने के आरोप में खाताधारक सहित 3 धराएं



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर 7,31,014 रुपए की ठगी करने के मामले में दिव्य प्रकाश निवासी सुभाष नगर कोटा, अंकित निवासी केशवपुरा, राजस्थान तथा अभिषेक कश्यप निवासी झालावाड़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी कि इंस्टाग्राम चलाते समय उसे एक लिंक दिखाई दिया।

### विस्तारीकरण परियोजना जीडीए सचिव ने ली बैठक



**गाजियाबाद।** जनप्रतिनिधियों द्वारा किए पत्राचार एवं आम जनमानस की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए गाजियाबाद जनपद के लोनी क्षेत्र में शिव विहार से मंडोला विहार तक मेट्रो विस्तारीकरण परियोजना के संबंध में गुरुवार को सचिव विवेक मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। ननि गाजियाबाद, आवास एवं विकास परिषद तथा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान मेट्रो विस्तारीकरण से संबंधित विभिन्न तकनीकी, प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

---

## अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज द्वारा आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा-

# गायत्री मंत्र जन-जन की चेतना है, यही राष्ट्र परिवर्तन की शक्ति है: अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने सम्पूर्ण मानवता को व्यक्ति निर्माण का मार्ग दिखाया, जो सर्वजन कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के जागरण का समय आ गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, द्वारा आयोजित शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



देवभूमि उत्तराखंड की पावन भूमि पर विशेषकर सप्तर्षि भूमि शांतिकुंज में आकर हजारों वर्षों की तपस्या की ऊर्जा का अनुभव होता है।

उन्होंने कहा कि भारतवर्ष पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता। आचार्यश्री ने गायत्री महामंत्र को जन-जन तक सर्वसुलभ बनाया, वैश्विक मानवतावाद की अवधारणा को सुदृढ़ किया और वैज्ञानिक अध्यात्मवाद को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया।

### परिवर्तन और प्रगति का माध्यम बनाना ही साधक का कर्तव्य

इस अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुदेव पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रोपित अखिल विश्व गायत्री परिवार रूपी बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है। जो विश्वभर के असंख्य लोगों को ज्ञान, संस्कार और सद्भाव की छाया प्रदान कर रहा है। आज गायत्री परिवार केवल एक धार्मिक संस्था नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक नवजागरण का एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जो भारत की आध्यात्मिक चेतना को देश की सीमाओं से बाहर ले जाकर विश्व के कोने-कोने तक पहुँचा रहा है। शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह भूमि योगियों और साधकों की रही है, जहाँ से स्वाभिमान, साधना और तप की परंपरा ने राष्ट्र को दिशा दी है। उन्होंने गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेशों का स्मरण करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली बाधाओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें परिवर्तन और प्रगति का माध्यम बनाना ही साधक का कर्तव्य है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत करुणा, दया और ज्ञान की भूमि है तथा भारत के जागरण में ही सम्पूर्ण विश्व का जागरण निहित है।

---

## भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति, जनहितकारी योजनाएं प्रदेश के जन-जन को आत्मनिर्भर बना रही

# बूथ मजबूत होगा तो संगठन मजबूत होगा कार्यकर्ता करें बूथ को मजबूत: पंकज रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी व जनहितकारी योजनाएं प्रदेश के जन-जन को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बना रही हैं। यही सुशासन का वास्तविक स्वरूप है। इन योजनाओं को बूथ स्तर पर संवाद, सेवा और संपर्क के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक अटल कमल भाजपा जिला कार्यालय में




जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल सुदृढ़ीकरण, बूथ मजबूती तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने जिला फरीदाबाद के मंडल अध्यक्षों को एक वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्षों एवं मंडल कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के कारण ही फरीदाबाद जिला हरियाणा के अग्रणी जिलों में शामिल है, जिसका श्रेय मंडल अध्यक्ष और मंडल की पूरी टीम को जाता है। जिला अध्यक्ष ने मंडल प्रभारियों के साथ मंडल के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की और संगठन मंजबूत करने एवं संगठनात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रवीण गर्ग, वजीर डागर, विक्रम सिंह अरुआ, धर्मबीर भड़ाना, भारती भाकुनी, गिर्राज त्यागी, मनीष छोंकर, पुनीता झा, तरनजीत भाटिया, विनोद गुप्ता, जेजू ठाकुर, शिवम रतन, अरुणिमा सिंह, हरीश ब, राजेश अमित , गौरव, मुकेश झा, तृप्ति , शुभांकित गुप्ता, महेश कुमार सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, भाजपा मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्षए मन की बात के जिला, विधानसभा, मंडल संयोजक व सह संयोजक, आईटी के जिला, विधानसभा एवं मंडल प्रमुख, सह प्रमुख आदि।

---

## फेफड़ों की गांठों की तेज और सटीक पहचान करने में सहायक होगा

# फेफड़ों के कैंसर से निजात दिलाएगी क्यूअर एआई की तकनीक

> अगर कैंसर का पता शुरू में चल जाए, तो मरीज की जान बचने और लंबा जीवन जीने की संभावना बहुत बढ़ जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फेफड़ों के कैंसर से निजात दिलाने के लिए क्यूअर एआई की तकनीक की भूमिका अहम होगी। तकनीक के तहत शुरुआत में ही फेफड़ों के कैंसर की पहचान करने के साथ समाधान किया जाएगा।

क्यूअर एआई के फाउंडिंग मेंबर और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर अंकित मोदी ने कहा कि रेडियोलॉजी वर्कफ्लो में उन्नत एआई को एकीकृत कर क्यूअर एआई फेफड़ों की गांठों (लंग नोड्यूल्स) की तेज और अधिक सटीक पहचान संभव बना रहा है। जिससे शुरुआती जांच का तरीका पूरी तरह बदल रहा है। अब तक कंपनी की एआई तकनीक दुनिया भर में 50 लाख से अधिक चेस्ट एक्स-रे को प्रोसेस कर चुकी है। भारत में 1,200 से ज्यादा क्लिनिकल साइट्स पर इन टूल्स ने उन दस में से नौ नोड्यूल्स की पहचान की है, जिन्हें पहले नजरअंदाज कर दिया गया था। इससे मिस्ड डिटेक्शन में करीब 46 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि फेफड़ों का कैंसर आज भी दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि अधिकतर मामलों का पता तब चलता है, जब बीमारी काफी आगे बढ़ चुकी होती है। अगर कैंसर का पता शुरू में चल जाए, तो मरीज की जान बचने और लंबा जीवन जीने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। इसी दिशा में क्यूअर एआई की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित समाधान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिवालिका भसीन, ब्रांड पार्टनरशिप्स मैनेजर, लाइफलॉन्ग आनलाइन और फाइंडयॉरफिट की प्रवक्ता, ने कहा कि लाइफलॉन्ग वेलनेस कार्निवल मूवमेंट, माइंडफुलनेस और कम्युनिटी को एक ऐसे प्रारूप में एक साथ लाता है जो सभी के लिए समावेशी, सुलभ और सहज है। आरुषि लोहानी, को-फाउंडर, फाइंडयॉरफिट ने कहा कि लाइफलॉन्ग के साथ हमारा सहयोग और मिलिंद सोमन जैसी प्रेरणादायी आवाज़ों की मौजूदगी समग्र स्वास्थ्य को आज की शहरी कम्युनिटीज़ के लिए और अधिक सहज व प्रासंगिक बनाती है।

---

## बाबा खाटू श्याम के साथ नगर परिक्रमा को मंत्री राजेश नागर ने किया रवाना

# गांव भूआपुर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में खाटू मंदिर से हेलीकॉप्टर से लाई ज्योति हुई स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आज गांव भुआपुर में खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा श्री खाटू श्याम दरबार से लाई ज्योति के साथ भगवान श्री खाटू श्याम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। खास बात है कि मंदिर में स्थापित की गई ज्योति श्री खाटू श्याम मंदिर से हेलीकॉप्टर के माध्यम से लाई गई जो सभी के आकर्षण का केंद्र बन गई। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी कृष्ण नागर थे। उससे पहले आसपास के समस्त गांवों में प्रभात फेरी के माध्यम से भक्तों के दर्शनार्थ यात्रा निकाली गई। यात्रा को झंडी देने के बाद मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आज हम सबका सौभाग्य है कि सेठों के सेठ भगवान श्री खाटू श्याम जी यहां



मंदिर में विराजे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी जन बधाई के पात्र हैं। मुझे भी इस अवसर पर उपस्थित होकर बड़ी खुशी हो रही है।

मेरी प्रार्थना है कि भगवान खाटू श्याम हमारे क्षेत्र में धन धान्य की भरमार करें। सभी लोग स्वस्थ एवं दीर्घायु रहें। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि हरियाणा की सरकार पहले से तीर्थ यात्राओं को लेकर सजग है और हम सभी ने देखा है कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए किस प्रकार से विशेष निशुल्क यात्राओं का आयोजन नायब सरकार ने किया था। वहीं अब हिसार और गुरुग्राम से खाटू श्याम और श्री सालासर धाम के लिए हेलीकॉप्टर की योजना भी सरकार का बड़ा प्रोजेक्ट है जिसका लाभ सभी को मिलेगा।

---

## लुटेरों से नकदी सहित 2 मोटराइसिकल जब्त की

# छह लुटेरे गिरफ्तार, लूटी नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने गुरुवार को लूट की घटना का अनावरण कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 67500 रुपए नगद, घटना में प्रयुक्त 2 डंडे, 02 मोटरसाइकिल पल्सर व टीवीएस स्पोर्ट्स बरामद हुई है। डीसीपी ग्रामीण एसएन त्रिपाठी ने बताया कि विकास सिंह निवासी दयालपुर दिल्ली ने तहरीरी सूचना दी गई कि दिनांक 16 जनवरी को मेरे पिता जकेसरी सिंह जो लालबाग सब्जी मंडी के पास गंगे मार्बल्स के नाम से दुकान करते हैं। शाम करीब 8.00 बजे के आसपास अपने नौकर रवि



के साथ उसकी स्कूटी से घर जा रहे थे। तभी दुकान से निकलते ही 50 मीटर की दूरी पर मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लड़कों ने मेरे पिता और नौकर के सिर पर चोट मारी जिससे उनकी स्कूटी और वे नीचे गिर गए। तभी चोट मारने वाले लड़कों ने मेरे पिता जी से बैग छीनकर अनुज धर्मकांटा से बाई ओर मुड़कर भाग गए जिसमें मेरे पिताजी और नौकर को सिर में चोट आई तथा अज्ञात मोटरसाइकिल सवार द्वारा बैग छीनकर ले गए जिसमें ढाई-तीन लाख रुपए होना बताया। आज स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में अमन गुर्जर निवासी मुखिया गेट के पास बाग रानप कस्बा लोनी, मोनू गुप्ता आदि।

---

## हेल्थ चेकअप कैंप में सफाई मित्रों का हेल्थ चेकअप कराया गया

# सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज कार्यक्रम के अंतर्गत नगर आयुक्त ने बांटी पीपीई किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सफाई मित्रों को शहर की स्वच्छता के साथ-साथ स्वयं का ध्यान रखने के लिए भी जागरूक किया गया। नगर आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों के साथ सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित की गई तथा सफाई मित्रों का हेल्थ चेकअप भी कराया गया। कार्यक्रम में सिटी जोन के 100 से अधिक सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित की गई, मौके पर अपर नगर



आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ अनुज प्रभारी उद्यान भी उपस्थित रहे। आयुक्त ने बताया कि ननि के सभी सफाई मित्रों का हेल्थ चेकअप कराया जा रहा है।

---


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रेहान पुत्र मो. आलम निवासी अंसारी का मकान, तुलसी निकेतन भोपुरा गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और स्ट्रीट नंबर 01, बारात घर के पास, दसना, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 109/2017 U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेहान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 109/2017 U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रेहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (शाहदरा जिला)
कमरा नंबर जी–5, नई न्यायालय बिल्डिंग, प्रथम तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/335/NE/2026 (Court Matter)


---

## पुलिया के स्लैब को अव्यवस्थित देख भड़के नगर आयुक्त, निर्माण ने तत्काल किया समाधान

# नंदग्राम सहित सिटी जोन के वार्डों का नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



> आयुक्त ने अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान के लिए निर्माण कार्यों के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर भ्रमण के क्रम में सिटी जोन अंतर्गत आने वाले वार्डों का निरीक्षण किया। जिसमें नंदग्राम सहित घुकना, सिहानी, पटेल नगर वार्ड संख्या 06, 11, 49, 31 व 32 का निरीक्षण किया गया, वार्ड की आंतरिक साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ जलकल तथा निर्माण की कार्यों का भी जायजा लिया गया। इसी क्रम में नंदग्राम रेत मंडी पर पुलिया की सफाई के बाद अव्यवस्थित रूप से पुलिया के स्लैब के पत्थरों को देखकर अधिकारियों पर भड़के। नगर आयुक्त द्वारा मौके पर ही निर्माण टीम को बुलाकर स्लैब के पत्थरों को व्यवस्थित कराया गया। इसी प्रकार ऐसे स्थान जहां पुलिया की सफाई या नालियों की सफाई का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है उसी समय स्लैब को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने तथा मार्गो को अवरुद्ध न करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान को लेकर अनिवार्य रूप से वार्डों में निरीक्षण करने के निर्देश टीम को दिए गए,ल। मुख्य मार्गों के साथ-साथ वार्ड के अंदर भी मार्गो को सुगम और सरल बनाए रखने के लिए निर्माण विभाग कार्य करे निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा जहां सफाई मित्रों को स्वच्छता के


---


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 307 दिनांक 20.11.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना बड़ी जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - किरण।
पिता का नाम - सुरेश कुमार ।
पता वासी शिव कालोनी बेगा रोड़ गन्नौर सोनीपत हरियाणा ।
उम्र 17 वर्ष।
कद - 5 फुट 1 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, गोल नाक, सामान्य शरीर है।
पहनावाः- सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24.11.2025 को किरण पुत्री सुरेश कुमार वासी शिव कालोनी बेगा रोड़ गन्नौर सोनीपत जो GI रोड़ गन्नौर से कहीं चली गयी है जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना - 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9034241700
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4381/2026/42322/88/7 दि. 22.01.26



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर में अनाज मण्डी के पीछे स्टॉर्म वाटर के लिए टाइप 2 ड्रेन का निर्माण + 13 कार्य। | 21.01.2026 29.01.2026 | रु.3,45,53,066/- | https://etenders.hry.nic.in | 8930110195 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42342/I/88/7 दि. 22.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत) हरियाणा | बीपीएसएमवी, खानपुर कलां, सोनीपत हरियाणा में कन्या छात्रावास नं. 9 के निर्माण हेतु निविदा। | 21.01.2026 12.02.2026 | रु.16,95,05,762/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416486361 xen@bpswomenuniversity.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42302/I/88/7 दि. 22.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | गांव उझाना से धुंदवा तक सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत, रोड आईडी-3212, एम.सी. नरवाना, सीएम घोषणा कोड-28922 + 3 कार्य। | 21.01.2026 29.01.2026 | रु.2,15,22,050/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind38.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42346/I/88/7 दि. 22.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | वार्ड नं. 9 हिसार में विश्वकर्मा कॉलोनी और अन्य गलियों में आईपीबी गलियों का निर्माण + 2 कार्य (हिसार)। | बंद होने की तिथि 29.01.2026 | रु. 2,01,53,481/- | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |
| 2 | नगर निगम हिसार | फ्रैक्शंस के वैज्ञानिक तौर पर निपटान और लिगेसी वेस्ट के रिमेडिएशन तथा भूमि रिक्लेमेशन हेतु एजेंसी का चयन (हिसार)। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | रु. 74.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42338/I/88/7 दि. 22.01.26

# पेज एक का शेष

## केरल में आज ...

लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण भी वितरित करेंगे, जिसमें केरल के स्ट्रीट वेंडर्स शामिल हैं। 2020 में शुरू हुई इस योजना ने अधिकांश लाभार्थियों को पहली बार औपचारिक क्रेडिट की पहुंच दी है और शहरी अनौपचारिक श्रमिकों में गरीबी उन्मूलन तथा आजीविका सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम में इनोवेशन, टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप हब की आधारशिला रखेंगे। यह हब लाइफ साइंसेज और बायो-इकोनॉमी पर फोकस करेगा, आयुर्वेद जैसे पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक बायोटेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल पैकेजिंग और ग्रीन हाइड्रोजन से जोड़ेगा तथा स्टार्टअप निर्माण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देगा। यह शोध को बाजार-तैयार समाधानों और उद्यमों में बदलने का मंच बनेगा। स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक रेडियोसर्जरी सेंटर की आधारशिला रखेंगे। यह सुविधा जटिल मस्तिष्क विकारों के लिए अत्यधिक सटीक, न्यूनतम इनवेसिव उपचार प्रदान करेगी और क्षेत्रीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम में नए पूजप्पुरा हेड पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन करेंगे। यह आधुनिक, तकनीक-सक्षम सुविधा डाक, बैंकिंग, बीमा और डिजिटल सेवाओं की व्यापक रेंज प्रदान करेगी, जिससे नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण और मजबूत होगा। केरल के एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, प्रधानमंत्री के इस दौरे से केरल में विकास की नई गति मिलने की उम्मीद है, जो राज्य के लोगों के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## पीएम के साथ होगी...

और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। ऐसे में ईयू नेताओं के भारत दौरे से कयास लगाए जा रहे हैं कि एफटीए का ऐलान हो सकता है।

**रक्षा सहयोग पर विशेष जोर:** भारत-ईयू के बीच रक्षा सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारतीय कंपनियों को ईयू के सेफ (सिक्युरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकती है। सेफ, यूरोप की रक्षा तैयारी बढ़ाने के लिए 150 अरब यूरो का रक्षा फंडिंग साधन है। इसके अलावा सिक्योरिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो सकती है, जिससे गोपनीय रक्षा जानकारी का सुरक्षित आदान–प्रदान और संयुक्त रक्षा विनिर्माण संभव होगा।

## सूचना एवं प्रसारण ...

भारत की बौद्धिक विरासत को आकार दिया। दृष्टि प्रिंट, सिनेमा, टेलीविज़न और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए भारत के मीडिया के विकास को दिखाती है। विंटेज कैमरे, फ़िल्म रील, सैटेलाइट, अख़बार और बॉक्स ऑफ़िस जैसे विज़ुअल एलिमेंट उन फ़िल्म निर्माताओं और कलाकारों की पीढ़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक पहचान को आकार दिया है। कलाकार इस झांकी को जीवंत बनाते हैं। यह थीम भारत को एक ग्लोबल कंटेंट हब के रूप में स्थापित करने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लक्ष्य से मेल खाती है, जिसे वेव्स 2025 ने और मज़बूत किया है। इस सम्मेलन ने 'ऑरेंज इकोनॉमी की सुबह' की शुरुआत की, जिसमें दुनिया भर से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण बिज़नेस डील हुईं। यह झांकी सांस्कृतिक टाइमलाइन और भविष्य की सोच वाले विज़न स्टेटमेंट दोनों के रूप में दिखाई गई है, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को उसके डिजिटल भविष्य से जोड़ती है।

## वीर गुंडाधुर ने ...

करेगी। रक्षा मंत्रालय द्वारा आज राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में आयोजित प्रेस प्रीव्यू के दौरान राष्ट्रीय मीडिया के समक्ष छत्तीसगढ़ की झांकी का प्रदर्शन किया गया। झांकी के माध्यम से उन अमर जनजातीय नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के अन्यायपूर्ण कानूनों के विरुद्ध संघर्ष किया और स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इन महान बलिदानियों की स्मृति में नवा रायपुर अटल नगर में देश का पहला जनजातीय डिजिटल संग्रहालय स्थापित किया गया है, जहां छत्तीसगढ़ सहित देश के 14 प्रमुख जनजातीय स्वतंत्रता आंदोलनों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से संरक्षित किया गया है। इस ऐतिहासिक संग्रहालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर किया था। विशेषज्ञ समिति से अंतिम स्वीकृति प्राप्त होने के बाद जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कलाकारों ने बीते एक माह से दिन-रात परिश्रम कर झांकी को अंतिम रूप दिया है। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए 17 राज्यों की झांकियों का चयन किया गया है।

**झांकी में उकेरे गए प्रेरणादायी दृश्य :** झांकी के अग्र भाग में वर्ष 1910 के ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह के नायक वीर गुंडाधुर को दर्शाया गया है। धुर्वा समाज के इस महानायक ने अन्याय के विरुद्ध जनजातीय समाज को एकजुट किया। भूमकाल विद्रोह के प्रतीक आम की टहनियां और सूखी मिर्च झांकी में विशेष रूप से प्रदर्शित हैं। विद्रोह की व्यापकता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों को नागपुर से सेना बुलानी पड़ी, फिर भी वे वीर गुंडाधुर को पकड़ने में असफल रहे। झांकी के पृष्ठ भाग में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को घोड़े पर सवार, हाथ में तलवार लिए दर्शाया गया है। उन्होंने अकाल के समय गरीबों और वंचितों के हित में संघर्ष किया तथा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। पूरी झांकी जनजातीय समाज के अदम्य साहस, देशभक्ति और स्वतंत्रता के प्रति अटूट संकल्प को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती है।

## जनभागीदारी से ...

नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख नागरिकों का बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए ऐसा बजट तैयार करना है, जो राज्य के समग्र और संतुलित विकास को गति प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने बजट-पूर्व परामर्श प्रक्रिया को लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण और सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि किसानों, श्रमिकों, युवाओं, अधिवक्ताओं, शिक्षा, खेल एवं सामाजिक संगठनों से प्राप्त सुझावों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी से तैयार यह बजट हरियाणा को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सैनी ने बैठक में उपस्थित सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि बजट-पूर्व परामर्श के दौरान प्राप्त प्रत्येक व्यावहारिक और जनहित से जुड़े सुझाव को प्राथमिकता के आधार पर विचार में लिया जाएगा तथा उन्हें आगामी बजट में यथासंभव शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा दूरदर्शी, संतुलित और जन-अपेक्षाओं पर आधारित बजट प्रस्तुत करना है, जिसका प्रभाव केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि आने वाले वर्षों में धरातल पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। बजट-पूर्व सुझावों पर हुई ठोस कार्रवाई, एक्शन-टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव की ओएसडी हिना बिंदलिश ने बजट-पूर्व परामर्श से संबंधित एक्शन-टेकन रिपोर्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त सुझावों को सरकार द्वारा गंभीरता से लेते हुए पिछले बजटों में शामिल किया गया था, जिनका सकारात्मक प्रभाव धरातल पर देखने को मिल रहा है।

## सूर्योदय से सूर्यास...

के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को बता दी जाए। पीठ ने कहा कि ये संख्या जिला प्रशासन को गुरुवार को ही बता दी जाए। प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है या कोई और सही तरीका अपना सकता है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पीठ ने आदेश में कहा कि दोपहर में 1 से 3 बजे के बीच नमाज़ के लिए उसी परिसर के अंदर एक खास और अलग जगह उपलब्ध कराई जाए, जिसमें आने-जाने के लिए अलग रास्ता हो, ताकि नमाज पढ़ी जा सके। उसी तरह से हिंदू पक्ष को परिसर के भीतर ही अलग जगह मुहैया कराई जाए, ताकि वे बसंत पंचमी पर अपने पारंपरिक अनुष्ठान कर सकें। गौर हो कि हिंदू पक्ष ने 20 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें मांग की गई है कि बसंत पंचमी के पूरे दिन धार भोजशाला में अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति दी जाए। बसंत पंचमी इस साल शुक्रवार के दिन पड़ रही है और शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग धार भोजशाला में जुमे की नमाज पढ़ते हैं। यही वजह है कि ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई की। हिंदू फॉर जस्टिस की तरफ से वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन और हरिशंकर जैन दलील पेश की। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने बाबा कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पक्ष रखा।

**सर्वे के नतीजों पर कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए:** पीठ ने कहा कि अपील में उठने वाला मुद्दा यह है कि क्या मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 11 मार्च 2024 के आदेश में भारतीय पुरातत्व संस्थान (एएसआई) को ऐतिहासिक स्मारक वाली जगह पर लेटेस्ट तरीकों को अपनाकर जांच और सर्वे करने का निर्देश देकर सही किया या नहीं? एएसआई को दिए गए निर्देश जगह की असली और सही पहचान करने के लिए हैं। एएसआई के कम से कम 5 सबसे वरिष्ठ प्रोफेसरों की विशेषज्ञ समिति को रिपोर्ट देने, पूरे सर्वे वाली जगह की फोटोग्राफी के बारे में निर्देश दिए गए हैं और बंद और सील किए गए कमरों को खोलने का निर्देश दिया गया था ताकि सील किए गए कमरों में मिली कलाकृतियों वगैरह या ढांचे की भी एक्सपर्ट टीम द्वारा वैज्ञानिक जांच की जा सके। इस कोर्ट ने 1 अप्रैल 2024 को निर्देश दिया था कि सर्वे के नतीजों पर कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए और कोई भी खुदाई नहीं की जानी चाहिए जिससे जगह का स्वरूप बदल जाए। शुरुआत में यह बताया गया है कि हाई कोर्ट के निर्देशानुसार वैज्ञानिक सर्वे पूरा हो गया है और रिपोर्ट फिलहाल हाई कोर्ट के सामने एक सीलबंद लिफाफे में रखी है। याचिकाकर्ता के सीनियर वकील ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट की कॉपी पार्टियों को दी जाए और उसके बाद याचिकाकर्ता को, अगर कोई आपत्ति हो, तो उसे सबमिट करने की इजाज़त दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट में लंबित रिट याचिका पर कोर्ट के सबसे वरिष्ठ जजों में से एक की डिवीजन बेंच द्वारा, हो सके तो दो हफ्ते के अंदर सुनवाई की जाए।

## खरगे और राहुल ...

बात की जा रही है। उन्होंने इसे गरीबों को भ्रमित करने का प्रयास बताया और कहा कि नए कानून के तहत साल में दो महीने तो काम मिलेगा ही नहीं। खरगे ने आगे कहा कि यूपीए सरकार के दौरान लागू किए गए मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार जैसे कानूनों की दुनिया भर में सराहना हुई, लेकिन मौजूदा सरकार इन्हें कमजोर कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबी की तकलीफ नहीं पता, उनके इर्द-गिर्द सिर्फ अमीर लोग हैं। उन्होंने अंदेशा जताया कि भविष्य में यह सरकार अमीरों को ही वोट का अधिकार देने की दिशा में बढ़ सकती है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा को पंचायती राज व्यवस्था के जरिए चलाया जा रहा था, इसकी मूल भावना गरीबों को सम्मान के साथ रोजगार का अधिकार देने की थी। लेकिन सरकार इस अधिकार की अवधारणा को खत्म करना चाहती है। मनरेगा योजना हर गरीब व्यक्ति को काम की गारंटी देती थी, लेकिन अब मोदी सरकार द्वारा नए कानून के जरिए इसे केंद्रीकृत प्रणाली के तहत लाने की कोशिश की जा रही है, जिसमें दिल्ली से तय होगा कि किस राज्य और जिले को कितना पैसा मिलेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आशंका जताई कि नई व्यवस्था में भाजपा शासित राज्यों को अधिक और विपक्षी शासित राज्यों को कम धन दिया जाएगा। साथ ही मजदूरों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे और ठेकेदार व नौकरशाह पहले से भी अधिक ताकतवर बन जाएंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि तीन कृषि कानून, नोटबंदी, गलत जीएसटी और अब मनरेगा की जगह नया कानून- ये सब संविधान को कमजोर करने की कोशिश का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश का सारा धन और संपत्ति अडानी-अंबानी जैसे चुनिंदा पूंजीपतियों के हाथ में केंद्रित करना है ताकि दलित, आदिवासी, ओबीसी और गरीब वर्ग के लोग पूरी तरह उन पर निर्भर हो जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान, लोकतंत्र और एक व्यक्ति-एक वोट की व्यवस्था को खत्म करके आजादी से पहले वाला राजा-महाराजाओं के राज जैसा हिंदुस्तान लाना चाहती है। उन्होंने मजदूरों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के लोग डरपोक हैं। अगर हिंदुस्तान के गरीब लोग एक साथ खड़े हो गए, तो प्रधानमंत्री को पीछे हटना पड़ेगा। सम्मेलन की शुरुआत एक गूंजते हुए न्याय गीत के साथ हुई। एक प्रतीकात्मक कदम के रूप में श्रमिक अपने-अपने मनरेगा कार्यस्थलों से मिट्टी लेकर आए थे, जिसे एकत्र करके एकता और सामूहिक संघर्ष का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश, रचनात्मक कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप दीक्षित, चरणजीत सिंह चन्नी, उदित राज और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इस दौरान शशिकांत सेंथिल, सप्तगिरी उलका और के. राजू ने नए कानून के प्रभावों पर अपने विचार साझा किए।

### राजस्व मामलों की ऑन स्पॉट सुनवाई

# बिहार में जमीन के मामले निपटाने को 37 दिन चलेगा महा-अभियान





एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राजस्व महा–अभियान के दौरान प्राप्त करीब 46 लाख लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए नीतीश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। परिमार्जन प्लस और दाखिल–खारिज से जुड़े इन आवेदनों के निपटारे के लिए विशेष अभियान 26 जनवरी से शुरू होगा, जिसे 31 मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अगस्त–सितंबर में पंचायत स्तर पर लगाए गए शिविरों में किसानों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन बेहद जरूरी है।

### 46 लाख आवेदनों में से 40 लाख परिमार्जन से संबंधित

उन्होंने बताया कि कुल 46 लाख आवेदनों में से करीब 40 लाख परिमार्जन से संबंधित हैं। इनका निपटारा होने से रैयतों के भूमि अभिलेख अपडेट होंगे, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और भूमि सर्वेक्षण में भी सुविधा होगी। राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों, एडीएम, डीसीएलआर और अंचल अधिकारियों को पत्र भेजकर 26 जनवरी से 31 मार्च तक अभियान चलाकर सभी आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।





हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता

विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।







कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण


## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब :** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक :** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य :** 395 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।

2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

# वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शब्द सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### विंध्य एकता परिषद के पाठक बने अध्यक्ष बघेल महासचिव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विंध्य एकता परिषद की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा 25 दिसंबर 2025 को लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया था। रजिस्ट्रीकरण नियम 1973 के अनुसार, इस प्रस्ताव के आधार पर नई कार्यकारिणी को मान्यता दी गई है। नई कार्यकारिणी में शैलेंद्र पाठक को अध्यक्ष और आरके सिंह बघेल को महासचिव नियुक्त किया गया है। महेंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद उपाध्याय सचिव, और राजेंद्र मिश्रा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। अन्य पदाधिकारियों में प्रभाकर मिश्रा उपकोषाध्यक्ष, अशोक सेन संगठन सचिव और राजकुमार उपाध्याय सांस्कृतिक सचिव शामिल हैं। प्रेम नाथ कुशवाहा, रोहित तिवारी, रावेंद्र पटेल, आरजे जायसवाल और राम निवास वर्मा को सदस्य बनाया गया है। यह कार्यकारिणी अगले तीन वर्षों के लिए वैध रहेगी।

### स्पेल बी ने बच्चों को दिया आत्मविश्वास, अविक बने 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया'

**इंदौर।** आज के दौर में बच्चों के लिए सिर्फ किताबें पढ़ना ही नहीं, बल्कि सही तरीके से अपनी बात कहना और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना भी उतना ही जरूरी हो गया है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीज़न 15 का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और रोमांच से भरे फिनाले के बाद मुंबई के पवई स्थित बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल के 11 वर्षीय अविक अग्रवाल ने देशभर के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का खिताब अपने नाम किया।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 दावोस में हुई वन-टू-वन बातचीत

# सीएम डॉ. मोहन, मालदीव के मंत्री सईद के बीच पर्यटन एवं बहु क्षेत्रीय सहयोग पर बनी सहमति

**चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 के अवसर पर दावोस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद से वन-टू-वन चर्चा की। बैठक में पर्यटन को साझा आधार बनाते हुए चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार किया। दावोस में आयोजित इस द्विपक्षीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र और मालदीव के बीच कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ परस्पर पूरक क्षमताओं के आधार पर दीर्घकालिक साझेदारी विकसित की जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से चिकित्सा पर्यटन, मत्स्य पालन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, वन्य जीव संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों को सहयोग के प्रमुख आयाम बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की समृद्ध जैव-विविधता, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वन्य जीव अभयारण्य, तेजी से उभरता मेडिकल इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और सांस्कृतिक विरासत राज्य को वैश्विक सहयोग के लिए सक्षम भागीदार बनाते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि पर्यटन आधारित सहयोग से निवेश, कौशल विकास और लोगों के बीच संपर्क को मजबूती मिलेगी।

मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक




मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री सईद से भेंट करते सीएम डॉ. मोहन।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल**


मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने पर्यटन को दोनों क्षेत्रों के बीच स्वाभाविक और सशक्त सेतु बताया। उन्होंने कहा कि मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी संवाद को संस्थागत रूप देने, प्रतिनिधिमंडल स्तर के दौरों को प्रोत्साहित करने और सहयोग के ठोस रोडमैप पर आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच पर हुई यह बातचीत अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

सहयोग के विभिन्न आयामों पर हुआ विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श

# एआई आधारित नवाचारों से किसान और समाज के विभिन्न वर्ग होंगे सशक्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग से किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि एआई को विभिन्न शासकीय डाटाबेस से जोड़कर सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस में एनवीआईडीआईए की ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड के साथ हुई बैठक में यह बात कही। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श किया गया।



उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड से चर्चा करते सीएम।

**बैठक में दी गई मप्र के बारे में यह जानकारी**

बैठक में बताया कि मध्यप्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म और नवाचारों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को बेहतर जानकारी, सेवाएं और निर्णय-सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डिजिटल समाधान, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है।

**पांच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही एनवीआईडीआईए**

कैलिस्टा रेडमंड ने कहा कि एनवीआईडीआईए संप्रभु (सॉवरेन) एआई के विकास के लिए पांच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही है, जिनका उद्देश्य एआई को देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से कुशल मानव संसाधन को उपयुक्त उद्योगों और अवसरों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित एआई पायलट प्रोजेक्ट्स का उल्लेख भी किया।

# राज्यपाल भोपाल, सीएम उज्जैन ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर राजधानी और जिला मुख्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राज्य शासन ने मुख्य अतिथि तय कर दिए हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भोपाल के लाल परेड में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में तिरंगे की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किए हैं। मंत्रियों को प्रभार के जिलों में कार्यक्रम का अतिथि बनाया है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल सागर और जगदीश देवड़ा इंदौर के मुख्य अतिथि बनाए हैं। इंदौर अभी किसी मंत्री के पास प्रभार में नहीं है। जिन जिलों में कलेक्टर मुख्य अतिथि होंगे, उनमें देवास, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, मुरैना, मंदसौर, श्योपुर, भिंड, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, नरसिंहपुर, बालाघाट, पांढुर्णा शामिल है।

**कौन-कहां फहराएंगे ध्वज**

| नाम | जिला |
|---|---|
| राजेंद्र शुक्ल | सागर |
| कुंवर विजय शाह | रतलाम |
| प्रह्लाद सिंह पटेल | रीवा |
| राकेश सिंह मंत्री | छिंदवाड़ा |
| करण सिंह वर्मा | सिवनी |
| उदय प्रताप सिंह | कटनी |
| संपतिया उइके | जबलपुर |
| तुलसीराम सिलावट | बुरहानपुर |
| एदल सिंह कंसाना | दतिया |
| निर्मला भूरिया | नीमच |
| गोविंद सिंह राजपूत | गुना |
| विश्वास सारंग | खरगोन |
| नारायण सिंह कुशवाह | शाजापुर |
| नागर सिंह चौहान | आगर-मालवा |
| प्रद्युम्न सिंह तोमर | शिवपुरी |
| राकेश शुक्ला | अशोकनगर |
| चैतन्य काश्यप | राजगढ़ |
| इंदर सिंह परमार | दमोह |
| कृष्णा गौर | सीहोर |
| धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी | खंडवा |
| दिलीप जायसवाल | मंडला |
| गौतम टेटवाल | बड़वानी |
| लखन सिंह पटेल | विदिशा |
| नारायण सिंह पंवार | रायसेन |
| नरेंद्र शिवाजी पटेल | नर्मदापुरम |
| प्रतिमा बागरी | डिंडौरी |
| दिलीप अहिरवार | अनूपपुर |
| राधा सिंह | मैहर |

इंतजामों को लेकर संभाग कमिश्नर ने ली बैठक

# 24 को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल बच्चे पेश करेंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने लाल परेड ग्राउंड पर बैठक रखी, जिसमें 24 जनवरी को रखी गई फुल ड्रेस रिहर्सल के पहले तैयारियां पूरी करने की हिदायत दी गई।

कमिश्नर ने कहा कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के कार्यक्रम भी पेश किए जाने हैं, जिसको लेकर सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर दिए जाएं।



उन्होंने झांकियों के निर्माण की जानकारी लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षा और संस्कृति विभाग को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तुति समय में की जाएं।

# देश को मिला विश्व का पहला इंटीग्रेटेड हाइब्रिड हॉस्पिटल

**शाह ने पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया**

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 दिन के दौरे पर गुरुवार को उत्तराखंड पहुंचे। यहां हरिद्वार में अमित शाह और रामदेव बाबा ने एक-दूसरे के पैर छुए। पतंजलि के डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने भी शाह के पैर छुए। इससे पहले शाह और सीएम पुष्कर सिंह धामी महर्षि दयानंद ग्राम स्थित पतंजलि योगपीठ परिसर पहुंचे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया, जो आपातकालीन और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को त्वरित और उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा।

मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं जाएंगी



- शाह और बाबा रामदेव ने एक दूसरे के पैर छुए
- अस्पताल की व्यवस्थाओं की जमकर सराहना
- गायत्री परिवार के समारोह में भी हुए शामिल

**केंद्रीय मंत्री का दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे का हिस्सा रहा कार्यक्रम**

**अवधेशानंद से मिले**

यह कार्यक्रम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय उत्तराखंड प्रवास का हिस्सा था। बुधवार शाम को अमित शाह हरिद्वार पहुंचे थे, जहां उन्होंने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। रात्रि विश्राम भी उन्होंने पतंजलि योगपीठ में ही किया। अस्पताल के उद्घाटन समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे।

**आचार्य बालकृष्ण ने शाह का भव्य स्वागत किया**

अमित शाह ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक योग गुरु स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी एवं पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने उनका भव्य स्वागत किया। गुरुवार को अस्पताल उद्घाटन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में भी शामिल हुए। इस दौरान आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने सहभागिता की।अस्पताल के शुरू होने से हरिद्वार और आसपास के इलाकों में गंभीर मरीजों के लिए समय पर और बेहतर इलाज सुनिश्चित हो सकेगा। इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जो आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक ज्ञान के प्रभावी संयोजन को दर्शाता है। शाह के इस दौरे से स्वास्थ्य, आध्यात्मिकता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा देखने को मिली है।

भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण समिति की बैठक

सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी

# भूमि अर्जन में किसानों या संबंधित को न्यायसंगत मुआवजा मिले, इसलिए सुझाव किए आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार विकास के साथ उन किसानों एवं आम नागरिकों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाए, जिनकी भूमि विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भूमि अर्जन की प्रक्रिया ऐसी हो कि प्रभावित परिवारों को उचित, न्यायसंगत और बेहतर मुआवजा प्राप्त हो सके। मंत्री सिंह ने मंत्रालय में भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण समिति की बैठक में यह बात कही।

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप उपस्थित थे। इसी क्रम में बुधवार को मंत्रालय में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी हितधारकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई और महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। इसके बाद तीनों मंत्रियों ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। इसके लिए psrev-enue<\@>mp.gov.in ई-मेल आईडी भी जारी की गई है, जिस पर कोई भी नागरिक अपने सुझाव भेज सकता है। प्राप्त सुझावों का व्यवहारिक एवं तथ्यात्मक अध्ययन किया जाएगा, जिसके पश्चात समिति आगे की आवश्यक कार्रवाई करेगी।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री सिंह।

**विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता जरूरीः सिंह**

मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास, अधोसंरचना निर्माण और अन्य विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यह भूमि शासकीय भी हो सकती है और निजी भी। भूमि अर्जन के दौरान अधोसंरचना से जुड़े कार्यों में मुआवजा राशि की गणना में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण के लिए मंत्री समिति का गठन किया गया है।

# इस्पात संयंत्र में विस्फोट, 6 की मौत, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में इस्पात संयंत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। क्लीनिकल फर्नेस के दौरान ब्लास्ट होने से छह मजदूरों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना भाटापारा ग्रामीण थाने क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट की है।



घायलों को सबसे पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। फिर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी मच गई। चना पर पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में लगी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि तकनीकी सिस्टम फेल होने और भारी दबाव से यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना पर बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी समेत पुलिस बल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और पांच घायल हुए हैं। जिला कलेक्टर सोनी ने बताया कि यह घटना भाटापारा ग्रामीण इलाके के बकुलाही गांव में रियल इस्पात एंड पावर लिमिटेड में हुई।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**माघ महोत्सव के लिए विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

माघ महोत्सव-2026 के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा तिरुन्नावाया स्टेशन पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के सुगम आवागमन के लिए निम्नलिखित स्पेशल रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**04358/04357 वाराणसी – एरणाकुलम जं. – वाराणसी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं.: 04358 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04357 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:30 | वाराणसी | 03:00 | ---- |
| 18:45 | 18:50 | प्रयागराज छिवकी | 23:45 | 23:50 |
| 22:53 | 22:55 | मानिकपुर जं | 20:38 | 20:40 |
| 00:03 | 00:05 | सतना | 18:08 | 18:10 |
| 03:00 | 03:05 | जबलपुर | 15:25 | 15:30 |
| 06:40 | 06:50 | इटारसी जं | 11:50 | 12:00 |
| 08:48 | 08:50 | बैतूल | 08:58 | 09:00 |
| 12:00 | 12:05 | नागपूर जं. | 06:00 | 06:05 |
| 13:38 | 13:40 | हिंगणघाट | 03:55 | 03:57 |
| 16:08 | 16:10 | बल्हारशाह | 02:33 | 02:35 |
| 17:33 | 17:35 | बेल्लमपल्ली | 00:18 | 00:20 |
| 19:08 | 19:10 | जम्मीकुंटा | 22:33 | 22:35 |
| 20:13 | 20:15 | वरंगल | 21:33 | 21:35 |
| 21:28 | 21:30 | डोर्नकल जं | 20:03 | 20:05 |
| 00:10 | 00:20 | विजयवाड़ा जं | 17:40 | 17:50 |
| 00:53 | 00:55 | तेनाली जं | 16:53 | 16:55 |
| 02:28 | 02:30 | ओंगोल | 15:03 | 15:05 |
| 03:58 | 04:00 | नेल्लूर | 13:23 | 13:25 |
| 05:00 | 05:10 | गूडूर जं | 12:40 | 12:50 |
| 07:43 | 07:45 | पेरम्बूर | 10:28 | 10:30 |
| 09:38 | 09:40 | काटपाडी जं | 08:08 | 08:10 |
| 11:03 | 11:05 | जोलारपेट्टै जं. | 06:48 | 06:50 |
| 12:35 | 12:40 | सेलम जं | 05:00 | 05:05 |
| 13:40 | 13:50 | ईरोड जं | 03:50 | 04:00 |
| 14:38 | 14:40 | तिरुप्पूर | 02:38 | 02:40 |
| 15:55 | 16:00 | कोयंम्बत्तूर जं | 01:30 | 01:35 |
| 16:28 | 16:30 | पोत्तनूर जं | 00:48 | 00:50 |
| 17:43 | 17:45 | पालक्काड जं | 23:18 | 23:20 |
| 19:03 | 19:05 | तृश्शूर | 21:38 | 21:40 |
| 20:23 | 20:25 | आलुवा | 20:28 | 20:30 |
| 22:00 | ----- | एरणाकुलम जं | ----- | 20:00 |

**चलने के दिन : 04358 वाराणसी** से दिनांक 30.01.2026 (शुक्रवार) को एवं **04357 एरणाकुलम जं.** से दिनांक 03.02.2026 (मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04360/04359 योग नगरी ऋषिकेश – एरणाकुलम जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित विशेष एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं.: 04360 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04359 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 16:15 | ---- |
| 08:20 | 08:30 | हरिद्वार जं | 14:20 | 14:30 |
| 12:03 | 12:05 | मेरठ नगर जं | 10:08 | 10:10 |
| 14:40 | 14:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन जं | 09:10 | 09:20 |
| 18:55 | 19:00 | मथुरा जं. | 05:55 | 06:00 |
| 00:30 | 00:40 | कोटा जं | 00:01 | 00:10 |
| 04:45 | 04:50 | नागदा जं | 19:45 | 19:50 |
| 06:20 | 06:25 | रतलाम जं | 18:30 | 18:35 |
| 10:00 | 10:10 | वडोदरा जं | 14:45 | 14:55 |
| 11:48 | 11:50 | सूरत | 12:53 | 12:55 |
| 14:53 | 14:55 | वसई रोड | 09:53 | 09:55 |
| 16:45 | 16:50 | पनवेल | 07:35 | 07:40 |
| 18:28 | 18:30 | रोहे | 06:03 | 06:05 |
| 20:00 | 20:02 | चिपलून | 02:53 | 02:55 |
| 22:05 | 22:10 | रत्नागिरी | 00:45 | 00:50 |
| 23:55 | 23:57 | कणकवली | 21:23 | 21:25 |
| 00:58 | 01:00 | कुडाल | 20:48 | 20:50 |
| 03:13 | 03:15 | थिवि | 19:13 | 19:15 |
| 04:25 | 04:35 | मडगाँव जंक्शन | 18:00 | 18:10 |
| 06:03 | 06:05 | कारवार | 15:58 | 16:00 |
| 07:08 | 07:10 | कुमटा | 14:43 | 14:45 |
| 08:13 | 08:15 | भटकल | 13:40 | 13:42 |
| 09:48 | 09:50 | उडुपि | 12:28 | 12:30 |
| 12:50 | 13:00 | मंगलूरु जंक्शन | 09:10 | 09:20 |
| 13:53 | 13:55 | कासरगोड | 07:28 | 07:30 |
| 15:23 | 15:25 | कण्णूर | 05:48 | 05:50 |
| 17:08 | 17:10 | कोषिक्कोड | 04:08 | 04:10 |
| 20:23 | 20:25 | तृश्शूर | 01:03 | 01:05 |
| 22:08 | 22:10 | आलुवा | 23:33 | 23:35 |
| 23:30 | ----- | एरणाकुलम जं | ----- | 23:00 |

**चलने के दिन : 04360 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 30.01.2026 (शुक्रवार) को एवं **04359 एरणाकुलम जं.** से दिनांक 03.02.2026 (मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में सिर्फ यूएस की ही चलेगी

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' को शांति के एक नए वैश्विक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके ढांचे, नेतृत्व और सदस्यता पर नज़र डालें तो यह पहल शांति से ज़्यादा सत्ता और प्रभुत्व की कहानी कहती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं के रहते एक नए मंच की आवश्यकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है, खासकर तब जब उसका स्वरूप लोकतांत्रिक कम और व्यक्तिगत नियंत्रण वाला अधिक प्रतीत हो। इस बोर्ड की सबसे असाधारण और विवादास्पद बात इसकी अध्यक्षता व्यवस्था है। डोनाल्ड ट्रंप इसके स्थायी अध्यक्ष होंगे, चाहे वे अमेरिका के राष्ट्रपति रहें या नहीं। अध्यक्ष को हटाने का प्रावधान भी लगभग प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह तभी संभव है, जब वे स्वयं इस्तीफा दें या कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य उन्हें अयोग्य घोषित करें। चूंकि कार्यकारी बोर्ड के अधिकांश सदस्य ट्रंप द्वारा ही चुने गए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि वास्तविक शक्ति पूरी तरह उनके हाथ में केंद्रित रहेगी। बोर्ड की सदस्यता सूची भी इसी असंतुलन को उजागर करती है। आठ मुस्लिम देशों कतर, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को और वियतनाम जैसे देश भी इस पहल का हिस्सा बने हैं। ये सभी देश किसी न किसी रूप में अमेरिकी रणनीतिक प्रभाव के दायरे में आते हैं। इसके विपरीत चीन, रूस, जर्मनी, इटली और यूक्रेन जैसे प्रभावशाली देशों ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह तथ्य अपने आप में बोर्ड की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। भारत द्वारा इस बोर्ड पर कोई स्पष्ट फैसला न लेना भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत की चुप्पी को इस रूप में देखा जा सकता है कि वह इस बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। सुरक्षा परिषद भले ही वीटो पावर और राजनीतिक गतिरोधों के कारण आलोचना झेलती रही हो, लेकिन उसकी वैधता और वैश्विक प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इसके मुकाबले 'बोर्ड ऑफ पीस' न तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि पर आधारित है और न ही इसमें दुनिया की बड़ी ताकतों की भागीदारी है। इस बोर्ड की प्रभावशीलता पर एक और बड़ा सवाल यह है कि इसमें अमेरिका के अलावा कोई भी वीटो पावर देश शामिल नहीं है। ऐसे में यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में कितना सक्षम होगा, यह संदेहास्पद है। जिन देशों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें से कोई भी इतना राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य रूप से शक्तिशाली नहीं है कि वह अमेरिका की इच्छा के विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सके। इससे यह आशंका और गहरी होती है कि यह मंच वास्तव में स्वतंत्र निर्णयों के बजाय अमेरिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन बन जाएगा। इज़राइल की आपत्ति भी इस पहल की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। इज़राइल ने कहा है कि बोर्ड के गठन से जुड़ी शुरुआती बातचीत में उसे शामिल नहीं किया गया। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति की कोई भी पहल इज़राइल की भागीदारी के बिना अधूरी मानी जाएगी। अब आने वाला समय ही बताएगा कि यह बोर्ड वास्तव में वैश्विक शांति में कोई सार्थक योगदान देता है या फिर यह इतिहास में एक ऐसे प्रयास के रूप में दर्ज होगा, जिसमें दुनिया की नहीं, बल्कि अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप की ही चलेगी।

## विशेष

प्रभात मिश्र

# वसंत पंचमी

क्या आपको पता है? सूर्य कांत त्रिपाठी निराला को वसंत ऋतु क्यों सर्वाधिक प्रिय है, निराला लिखते हैं- अभी न होगा मेरा अंत
अभी - अभी ही तो आया है

*मेरे वन में मृदुल वसंत , अभी न होगा मेरा अंत*
*हरे -हरे ये पात , डालियां, कलियां, कोमल गात।*
*मैं ही अपना स्वप्न - मृदुल -कर, फेरुंगा निद्रित कलियों पर*
*जगा एक प्रत्यूष मनोहर !*

वसंत मे आंनद भी है उल्लास भी साथ ही सृजन की विस्तीर्ण एक लंबी श्रृंखला को भी लिए हुए है शिशिर की लंबी रातें जैसे जैसे छोटी होती जाती हैं वैसे वैसे निराला की जुही की कली का सौन्दर्य खिल जाना चाहता है -

*विजन - वन वल्लरी पर सोती थी सुहाग -भरी - स्नेह - स्वप्न - मग्न*
*अमल - कोमल - तनु तरुणी जुही की कली,*
*दृग बंद किये, शिथिल,- पत्रांक में , वासंती निशा थी,*

निराला का वसंत कुमार संभव के वसंत से अलग है क्योंकि निराला निराला हैं वे आंखों और बादल के महान कवि हैं जहां का संसार विहंगम है अन्य छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की दृष्टि से देखते हैं जिसमें वे आंखों से क्या देखते हैं अवलोक रहा बार-बार नीचे जल में निज महाकार जिसके चरणों में पला ताल दर्पण सा फैला है विशाल। सूर्य कांत त्रिपाठी निराला का रचना संसार केवल यहीं तक नहीं रुकना चाहता है वह तुलसीदास की तरह संबल प्रदान करते स्पष्ट दिखाई देते हैं और लिखते हैं - महाकाव्य राम की शक्ति पूजा शक्ति की करो मौलिक कल्पना भाव वही शाश्वत असत्य पर सत्य की विजय, अनैतिकता पर नैतिकता की विजय, ये शंखनाद पूर्णतः आधुनिक क्योंकि निराला जानते थे अंग्रेजों को हराना रावण को हराने के समान था इसलिए वो राम की शक्ति पूजा लंबी कविता रचते हैं निराला के राम नवीन हैं लोक नायक हैं लिखते हैं - होगी जय होगी जय हे पुरुषोत्तम नवीन कह महाशक्ति राम के बदन मे हुई लीन।



पराधीनता से स्वाधीनता, कदाचार से सदाचार की इस अविराम यात्रा के कथानक को समर्पण से जोड़ देते हैं अपनी इस लंबी कविता के माध्यम से निराला ने ये स्थापित किया कि मां सीता का अपहरण राष्ट्र की संस्कृति का अपहरण है अस्मिता का अपहरण है जिससे मुक्ति आवश्यक है यहां राम को शक्ति की उपासना का आव्हान करते ताकि आततायी रावण जो निरंकुश अंग्रेजी सत्ता का प्रतीक है उखाड़ फेका जा सकें इस पूरे क्रम में निराला का पाठकों से संवाद बेजोड़ है संवेदना, शिल्प व भाषा शैली अद्भुत व अभिभूत कर बहा ले जाती है ।

निराला के सृजन शक्ति में राष्ट्रीय मान बिन्दुओं के संरक्षण संवर्धन का आग्रह तीव्र है वहीं भावुक पिता का द्रवित ह्रदय जो पुत्री सरोज के असमय निधन से वेदना ग्रस्त हो सरोज स्मृति लिखते हैं जो एक शोक गीत है जीवन का एलबम भी जहां टूटने जुड़ने के दौर से गुज़र जाना चाहता है। निराला स्वतंत्र भारत में 14 वर्ष जीवित रहे उनके राम ने अंग्रेज रुपी रावण को देश से बाहर का रास्ता दिखा दिया था संकल्प पूरा हुआ पर तत्कालीन दौर की शासन व्यवस्था कोई पुरस्कार न दे सकी यद्यपि निराला ख़ून सूखाकर लिखने वाले कवि थे इससे कहीं परे थे विडंबना ही है कि निराला पर लिखी गई पुस्तकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ पर स्वयं निराला को नहीं मिल सका कहते हैं निराला का काव्य पाठ ओज और तेज़ लिए हुए था उनकी वाणी को भी तत्कालीन सरकारी व्यवस्था सुरक्षित नहीं रख पाई काश उनकी वाणी को सुरक्षित रख पाते मेघ- मंद्र - कंठ कभी न सुनने के लिए आज हम विवश हैं-

*जागो फिर एक बार! समर अमर कर प्राण , गान गाये महासिनधु से ।*

# शाश्वत ऊर्जा और शौर्य का महोत्सव



वसंत पंचमी

डॉ. बलवीर आचार्य

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसन्त ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। वास्तव में वसन्त ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उस संक्रमण बिन्दु का प्रतीक है, जहां जड़ता से चेतना की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर यात्रा प्रारम्भ होती है। यह पर्व प्रकृति के श्रृंगार, विद्या के शुभारम्भ, कलाओं के विकास, शौर्य, धैर्य और बलिदान की प्रेरणा का ऐसा संगम है, जो मानव मात्र को प्रेरित करता है कि वह ज्ञान-विज्ञान का विकास करता हुआ राष्ट्रभक्ति के भावों से ओत-प्रोत रहे।

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसंत ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। यह वह ऋतु है जिसे स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी विभूति स्वीकार करते हुए कहा है कि- 'मैं, ऋतुओं में वसंत हूं।' वैदिक काल-गणना के अनुसार, यह 'प्राण' की पुनरावृत्ति का समय है। इसीलिए समस्त शुभ कार्यों और बड़े अनुष्ठानों का आरम्भ वसंत से करने का विधान है। संगीत और वीणा 'नाद ब्रह्म' के रहस्य को प्रकट कर रहे हैं। भारतीय मनीषा मानती है कि यह ब्रह्माण्ड ध्वनि से निर्मित है। वसंत पंचमी इसी 'नाद' की पूजा है। वैदिक युग की गम्भीरता जब लौकिक संस्कृत साहित्य में अवतरित हुई, तो वसन्त, रस और सौन्दर्य के उन्मेष के साथ 'ऋतुराज' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। महाकवि कालिदास ने 'ऋतुसंहार-6.2' में वसंत का मानवीकरण करते हुए लिखा कि- वसंत ऋतु में प्रकृति का कण-कण सुन्दरता की गोद में समाया हुआ है। वृक्ष पुष्प-पुंजों से पुष्पित हो रहे हैं, सरोवरों में कमल अपनी पूर्ण आभा के साथ खिल रहे हैं, समीर सुगंध से सुवासित है और अहोरात्र अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। प्राचीन भारत में वसन्तोत्सव और 'कौमुदी महोत्सव' सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक थे। इसके प्रमाण हमें संस्कृत के प्रसिद्ध नाटकों में मिलते हैं। सातवीं शताब्दी के सम्राट् हर्षवर्द्धन ने अपनी नाटिका 'रत्नावली' के प्रथम अंक में वसन्तोत्सव का सजीव वर्णन किया है- लोग केसर और कुमकुम के घोल से सराबोर होकर गलियों में नृत्य कर रहे हैं। यह इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है कि वसंत के समय समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त हो जाता था और राजा-प्रजा साथ मिलकर उत्सव मनाते थे। विशाखदत्त के नाटक 'मुद्राराक्षस' में चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौमुदी महोत्सव के आयोजन का उल्लेख है। यद्यपि चाणक्य ने कूटनीतिक कारणों से इसे रोकने का आदेश दिया था, किन्तु यह सन्दर्भ स्पष्ट करता है कि मगध की जनता के लिए यह वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव था, जिसमें पूर्ण चन्द्र की आभा में नगर को अलंकृत किया जाता था।

परम्परागत भारतीय समाज में बच्चों का विद्यारम्भ, अक्षर लेखन, गुरुकुल प्रवेश, वसंत पंचमी से प्रारम्भ होता था। भारत में इस पर्व के विविध रंग देखने को मिलते हैं। बंगाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन होता है। पण्डालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और छोटे बच्चों को 'हाते खोड़ी' कराया जाता है



अर्थात पहली बार अक्षर लिखना सिखाया जाता है। मथुरा और वृन्दावन के ब्रज क्षेत्र में इस दिन होली का औपचारिक आरम्भ माना जाता है। मन्दिरों में भगवान की प्रतिमाओं को गुलाल अर्पित किया जाता है। प्रयागराज और वाराणसी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि दक्षिण भारत के प्रान्तों में वसंत पंचमी पर्व को श्रीपंचमी कहा जाता है और इस पर्व को 'विद्यारम्भ' के रूप में मनाते हैं। बच्चों को चावल के दानों पर अंगुली से अक्षर लिखवाकर शिक्षा की शुरूआत कराई जाती है। वसंत केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, अपितु एक खगोलीय घटना है जो सम्पूर्ण पृथ्वी को प्रभावित करती है। खगोलीय रूप से जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर होता है, तब दिन और रात की अवधि समान हो जाती है। इसे वेदों में 'विषुवत' कहा गया है। यह वैश्विक संतुलन का समय है। सूर्य के बढ़ते प्रकाश के कारण मनुष्यों में 'सेरोटोनिन' (प्रसन्नता का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है और 'मेलाटोनिन' सन्तुलित होता है। यह प्राकृतिक रूप से अवसाद को समाप्त कर जीवनी शक्ति का संचार करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि वसंत ऋतु में मानसिक अवसाद सबसे कम होता है। महर्षि चरक और सुश्रुत ने वसंत को स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर के शोधन कालमाना है। सर्दियों में शरीर में संचित 'कफ', वसंत की सूर्य-ऊष्मा से पिघलने लगता है। आधुनिक विज्ञान इसे 'लिम्फैटिक सिस्टम' की सफाई के रूप में देखता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह कफ यदि शोधित न हो, तो रोगों का जन्म देता है। इसीलिए आयुर्वेद में इस ऋतु में 'वमन' और नीम, शहद, जौ तथा चने जैसे कफ-नाशक पदार्थों के सेवन का वैज्ञानिक निर्देश है।


मुग़ल आधिपत्य के दौरान जब भारतीय त्योहार फीके पड़ रहे थे, तब शिवाजी महाराज ने वसन्तोत्सव और होली (शिमगा) जैसे उत्सवों को पुनः सार्वजनिक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 'मराठा' साम्राज्य में वसंत केवल फूलों का नहीं, अपितु शस्त्रों की पूजा (शस्त्र-पूजन) और आत्मविश्वास का पर्व बने। शिवाजी महाराज का 'भगवा ध्वज' साक्षात वसंत की अग्नि और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके लिए यह रंग केवल एक ध्वज नहीं, अपितु उस 'ऋत' (शाश्वत नियम) का पालन था, जिसका वर्णन वेदों में वसंत के सन्दर्भ में मिलता है। पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह का प्रिय गीत है- "मेरा रंग दे बसन्ती चोला, माए रंग दे बसन्ती चोला" यहां 'बसन्ती' रंग सौन्दर्य का नहीं, अपितु बलिदान की उस अग्नि का प्रतीक है जो राष्ट्र को स्वतन्त्र करने के लिए प्रज्वलित हुई थी। वसंत ऋतु भारत की अखण्ड चेतना का दर्पण है। यह वेदों की ऋचाओं में 'पवित्रता' है, कालिदास के काव्यों में 'श्रृंगार' है, आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'स्वास्थ्य' है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, वीर बालक हकीकत राय और रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों के रक्त में 'बलिदान' है।

यह ऋतु हमें सिखाती है कि सृजन के लिए पहले पुराने को छोड़ना पड़ता है और देश की रक्षा के लिए वसंत को 'केसरिया' के रंग में रंगना पड़ता है। वसंत का यह पंचमुखी रूप - वैदिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यपरक और ऐतिहासिक, ही इसे विश्व की सभी ऋतुओं में 'राज' की पदवी प्रदान करता है- वसन्तराज। वास्तव में वसंत ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर एमडीयू रोहतक, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# शक्तिशाली मन ही सबका सच्चा साथी




संकलित

दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का मन अनेक शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? संसार में सर्वाधिक प्राथमिक आवश्यकता है- शक्ति की। शारीरिक शक्ति के लिए भी मन की शक्ति का होना जरूरी है। मन का बल टूटते ही शरीर का बल टूट जाता है। मन मजबूत होता है, तो शरीर भी साथ देता है। मन दुर्बल हुआ, तो शारीरिक शक्तियां भी क्षीण होने लग जाती हैं। शक्ति का संचय और सुरक्षा का उपाय है, तनाव से बचना। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण करता है।शक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है, शरीर और मन दोनों का एक साथ रहना। जिसने दूसरों को जीता और अपने आपको नहीं जीता, वह दुर्बल है। मन और इच्छाओं को जीतना बहुत बड़ी लड़ाई है। प्रत्येक व्यक्ति का मन इन शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? आवश्यकता है मन को पटु, कुशल और सहिष्णु बनाने की। उसे इस तरह प्रशिक्षित करने की, जिससे कि हम शारीरिक और मानसिक शक्तियों का संतुलन बनाए रख सकें। कहा भी गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' मन किसी भी अप्रिय घटना से ऐसा तड़प जाता है, जैसे चारों ओर से लाल चीटियों द्वारा डसा जाता घायल सर्प तड़पता है। बदला और प्रतिशोध तो चंचल मन की क्षुद्र कल्पनाएं हैं। प्रतिशोध से भरा मन यदि अवरुद्ध भावनाओं की खदबदाती दलदल है, तो प्रेम से भरा मन का हिमालय, गंगा के हिमालय पर्वत से भी ऊंचा है। मन की ऊंचाई के आगे हिमालय भी बौना है, इसलिए मन सुदृढ़ और प्रशिक्षित अश्व की भांति होना चाहिए।

# अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए द्रवित रहो



संकलित

प्रेरणा

वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज अपनी बातों से कई लोगों को सही राह दिखाते हैं। अपने प्रवचन के दौरान वह कई ऐसी बातें कहते हैं जिसका पालन अगर कर लिया जाए तो जिंदगी की आधी से ज्यादा मुश्किलें खत्म हो सकती हैं। अपने एकांतित वार्तालाप के दौरान वह कई लोगों के सवालों का जवाब देते हैं। हाल ही में एक बच्चे ने उनसे एक दिल छू लेने वाला सवाल किया। बच्चे ने पूछा कि हमें कब-कब कठोर होना चाहिए? इस पर प्रेमानंद महाराज ने बड़े ही सरलता से अपनी बात रखी। प्रेमानंद महाराज ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जगह-जगह पर अवसर पर किया जाता है। जिससे हमें लगे कि गलत है तो हम उसे कठोर करते हैं। कठोर हृदय से हम उसे सहते हैं। अब जहां हमारी कोई निंदा कर रहा है तो हम हमारे हृदय को कठोर कर लेते हैं। स्वभाव के कठोरता में सबकी कठोरता आ जाती है। स्वभाव में ही सब कुछ होता है। हृदय, वाणी, देखना और बोलना, उठना और बैठना सब आ जाएगा। जहां किसी को कष्ट हो रहा है, वहां हम द्रवित हो जाते हैं। जहां हमें कष्ट हो रहा है, वहां हम कठोर हो जाते हैं। हमारी कोई निंदा करें, उसे हम सह लेते हैं, लेकिन हम किसी की निंदा कभी नहीं कर सकते हैं। हमें कोई दुख दें। हम उसे कठोर भाव से सह लेंगे, लेकिन हम किसी को कठोर भाव से दुख दें, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है। प्रेमानंद महराज ने आगे कहा कि अपने लिए कठोर रहो और दूसरों के लिए द्रवित रहो। दूसरों के लिए कठोर और अपने लिए द्रवित ये तो स्वार्थी लोगों का लक्षण है। परमार्तिक लक्षण है कि अपने लिए कठोर रहो। दूसरे को सर्दी लग रही है तो अपनी जैकेट उतार के दे दिया। अपने खुद सर्दी सह लेते हैं लेकिन दूसरे को नहीं नहीं हम उसके ठंड में कांपते हुए नहीं देख सकते हैं। ये है कठोरता। अपने लिए कठोर रहो लेकिन दूसरों के लिए मृदुता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *–विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक संवेदनाएं



डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से मैं बेहद दुखी हूं, जिसमें भारतीय सेना के 10 बहादुर जवान शहीद हो गए। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जवानों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस कठिन समय में पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 'आप' के सीएम



मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि इनके मुख्यमंत्री अपने परिवार के साथ स्विट्ज़रलैंड घूमने में व्यस्त हैं। एक तरफ़ ये छुट्टियां मना रहे हैं, दूसरी तरफ़ 'आप' के सीएम जनता के हेल्थ कार्ड बना रहे हैं।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### काम का अधिकार



मोदी सरकार मनरेगा को ख़त्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। हमें मनरेगा और काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### औपनिवेशिक अत्याचार



ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर संभावित कब्जे की नैतिकता पर बहस करते समय, अफ्रीका में यूरोपीय लोगों द्वारा किए गए औपनिवेशिक अत्याचारों पर विचार करना उचित है। डेनमार्क ने स्वयं अफ्रीका से लगभग पांच लाख गुलामों को अमेरिका भेजा था।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किमी के पार

देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही देश की कुल 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता 1,407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की। इस लाइन के चालू होने से भादला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1,100 मेगावाट बिजली पारेषण संभव हो सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2014 से अब तक देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2.09 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन जोड़ी गईं जबकि 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता में 876 गीगावोल्ट एम्पियर की बढ़ोतरी हुई। अंतर-क्षेत्रीय बिजली अंतरण क्षमता अब 1,20,340 मेगावाट तक पहुंच गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति को संभव हुई है।



## ऑफ बीट

# बेंगलुरु दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर

भारत का सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु वर्ष 2025 में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर रहा, जहां औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 74.4 प्रतिशत रहा। यह जानकारी नीदरलैंड स्थित 'लोकेशन टेक्नोलॉजी' कंपनी 'टॉमटॉम' के आंकड़ों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'टॉमटॉम' के वर्ष 2025 से संबंधित 'ट्रैफिक इंडेक्स' में मैक्सिको सिटी को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, उसके बाद बेंगलुरु और डबलिन (आयरलैंड) का स्थान है। यह सूचकांक दुनिया भर के शहरों का मूल्यांकन औसत यात्रा समय और यातायात भीड़भाड़ के स्तर के आधार पर करता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाला, सार्वजनिक रूप से सुलभ डेटा उपलब्ध होता है। बेंगलुरु में पिछले वर्ष की तुलना में औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 1.7 प्रतिशत अंक बढ़ गया। चालकों ने औसतन 4.2 किलोमीटर की दूरी 15 मिनट में तय की, जबकि 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में औसतन 36 मिनट और नौ सेकंड का समय लगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त समय के दौरान गाड़ियों की औसत गति घटकर 13.9 किमी प्रति घंटा हो गई। इसके अलावा, रिपोर्ट में 17 मई को शहर का सबसे खराब यात्रा दिवस बताया गया है।



**राफेल-सुखोई करेंगे फ्लाई पास्ट**

# गणतंत्र दिवस पर आसमान में दिखेगा शक्ति का प्रतीक 'सिंदूर' फॉर्मेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास्ट बेहद खास और प्रतीकात्मक होने जा रहा है। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट आसमान में 'सिंदूर' फॉर्मेशन बनाएंगे, जो सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक होगा। इस विशेष फॉर्मेशन में दो राफेल, दो मिग-29, दो सुखोई-30 और एक जैगुआर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। यह फॉर्मेशन भारतीय वायुसेना की आधुनिक क्षमताओं और रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। भारतीय सेनाओं ने बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ये भारतीय लड़ाकू विमान अब गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरते नजर आएंगे।

**ध्वज फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे एमआई-17 हेलीकॉप्टर**

**फ्लाई पास्ट में दिखेंगे स्वदेशी और आधुनिक विमान**



रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के विमान फ्लाई पास्ट करते हुए

### 29 वायुसेना विमान होंगे शामिल

भारतीय वायुसेना के अनुसार, 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 29 विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा लेंगे। इनमें 16 फाइटर जेट, 4 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 9 हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। 26 जनवरी को फ्लाई पास्ट के दौरान चार एमआई-17 हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में नजर आएंगे। ये हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज, थल सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के ध्वज लहराते हुए उड़ान भरेंगे। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर प्रहार, गरुड़ अर्जन, वरुणा, वजरंग और विजय फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।

### *भारतीय वायुसेना प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी*

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में भारतीय वायुसेना अनुशासन, नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता का प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में स्क्वाड्रन लीडर हेमंत सिंह कन्यार गार्ड ऑफ ऑनर के कमांडर होंगे और वायुसेना का दल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अक्षिता ढांकर कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगी। वहीं, स्क्वाड्रन लीडर जगदेश कुमार के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना का मार्चिंग कॉन्टिन्जेंट कर्तव्य पथ से गुजरते हुए सटीक कदमताल और अनुशासन का प्रदर्शन करेगा।

### 18 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी

गणतंत्र दिवस 2026 राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित रहेगा। पूरे समारोह में 'वंदे मातरम' की स्पष्ट और प्रभावी छाप देखने को मिलेगी। वायुसेना के बैंड इससे जुड़ी धुनें बजाते नजर आएंगे। परेड में विभिन्न सेवाओं की कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियां और 13 बैंड शामिल होंगे। परेड की शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी, जो पूरे समारोह को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देगी।

### सेना के रोबोटिक म्यूल भी भाग लेंगे

परेड का मुख्य आकर्षण सेना के रोबोटिक म्यूल भी होंगे। यह दुर्गम और घने जंगल वाले इलाकों में सैनिकों से पहले आगे जाते नजर आएंगे। यह संदिग्ध इलाकों की जांच कर दुश्मन की मौजूदगी की जानकारी देंगे और सैन्य निगरानी में फायरिंग भी करेंगे। इसमें लगे 360-डिग्री कैमरे और थर्मल सेंसरअंधेरे में भी देख सकेंगें।

### स्वदेशी उपकरण प्रदर्शित होंगे

परेड के तुरंत बाद होने वाले फ्लाई पास्ट में राफेल, सुखोई-30, सी-295, मिग-29, अपाचे, एलसीएच, एएलएच और एमआई-17 जैसे विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। इस दौरान तीनों सेनाओं के स्वदेशी उपकरण और हथियार भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

---

## खबर संक्षेप

### संजीव बने दिल्ली एमसीडी के नए कमिश्नर

**नई दिल्ली।** 1994 बैच केआईएएस संजीव खीरवार को दिल्ली का नया नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे स्टेडियम में कुत्ते को टहलाने को लेकर विवादों में आए थे। खास बात है कि परिसर में कुत्ते को टहलाने का फोटो वायरल होने के बाद उन्हें राजधानी से स्थानांतरित कर दिया गया था, अब 3 साल से अधिक समय बाद राजधानी लौटे हैं।



### कृष्णा दास बने सीएम साय के सलाहकार

**रायपुर।** वरिष्ठ पत्रकार आर. कृष्णा दास को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह मुख्यमंत्री को मीडिया और अन्य विषयों पर परामर्श देंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। उन्हें राज्य शासन के विशेष सचिव के समकक्ष अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।



### कुशाग्र हत्याकांड: 3 को मरते दम तक कारावास

**कानपुर।** चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में अदालत ने उसकी ट्यूशन टीचर रही रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात शुक्ला और उसके साथी शिव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा है कि तीनों को आखिरी सांस तक जेल में रखा जाए। ये फिरौती में 26 महीने पहले कुशाग्र की अपहरण के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी थी। अपर जिला जज ने कहा कि यह नजीर बनेगा।



### बहराइच में 3 गो तस्कर गिरफ्तार, 1 फरार

**बहराइच।** इलाके के मुड़ियाडीह जंगल में गुरुवार को पुलिस व गो-तस्कर में मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली से एक तस्कर घायल हो गया। मौके से घायल समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एक युवक अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया है। आरोपितों में दो गोंडा जिला के रहने वाले हैं। घायल को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### बिना ड्राइवर चली बस खाई में गिरी

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत समोट कस्बे में गुरुवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। समोट-ददरियाड़ा रूट पर चलने वाली एक निजी बस सुबह 9 बजे अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ और बस में सवार 20 सवारियों में से कुछ को हल्की चोटें आई हैं।



---

### पंजाब में नेतृत्व परिवर्तन का कोई सवाल नहीं : केसी वेणुगोपाल

# पंजाब कांग्रेस में 'खींचतान' के बीच शीर्ष नेतृत्व अलर्ट, सार्वजनिक बयानबाजी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस नेतृत्व ने गुरुवार को साफ़ कर दिया कि पंजाब में नेतृत्व परिवर्तन का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। साथ ही पार्टी ने नेताओं को सख़्त हिदायत दी है कि संगठन से जुड़े किसी भी मुद्दे पर सार्वजनिक मंचों, मीडिया या सोशल मीडिया में बयान न दें। ऐसे सभी विषय केवल पार्टी के आंतरिक मंचों और उच्च नेतृत्व के समक्ष ही रखे जाएं। उल्लेखनीय है प्रदेश के नेताओं के बीच मची खींचतान से शीर्ष नेतृत्व इस बार तुरंत अलर्ट हुआ। प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल ने आलाकमान से दखल की अपील की। लिहाजा, राज्य के बड़े नेताओं को दिल्ली तलब कर लिया गया

**एआईसीसी में घंटों चली बैठक**

इस सिलसिले में शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में पंजाब कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ नेताओं की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पंजाब प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

पंजाब से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, कांग्रेस महासचिव सुखजिंदर सिंह रंधावा, राणा के.पी. सिंह, विजय इंदर सिंगला और डॉ. अमर सिंह ने बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में पंजाब के सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बैठक बेहद सकारात्मक और उपयोगी रही, जिसमें पार्टी को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

नेतृत्व परिवर्तन से जुड़े सवाल पर वेणुगोपाल ने दो टूक कहा कि 'पंजाब में नेतृत्व बदलने का कोई सवाल ही नहीं है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी नेतृत्व पूरी तरह एकजुट है और संगठन को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

अनुशासन पर ज़ोर देते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी नेता पार्टी के आंतरिक मामलों पर मीडिया या सोशल मीडिया में बयान जारी नहीं करेगा। ऐसे सभी मुद्दे केवल पार्टी के मंचों पर ही उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पंजाब के करीब 30 नेताओं द्वारा हाईकमान से मिलने का समय मांगे जाने के सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि व्यक्तिगत हैसियत में कोई भी नेता हाईकमान के किसी भी सदस्य से मिलने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाज़ी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। दलितों और वंचित वर्गों को प्रतिनिधित्व दिए जाने के सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के सभी वंचित और हाशिए पर पड़े वर्गों—अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को देशभर में उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने भी बैठक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि चर्चा करीब तीन घंटे तक चली और इसमें राज्य की राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम जनभावना यह है कि लोग कांग्रेस को दोबारा सत्ता में देखना चाहते हैं। बघेल ने भी दोहराया कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाज़ी या अनुशासनहीनता को सख्ती से रोका जाएगा। कुल मिलाकर बैठक के माध्यम से कांग्रेस नेतृत्व ने पंजाब इकाई को स्पष्ट संदेश दिया है कि एकजुटता, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती ही पार्टी की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अंदरूनी खींचतान को सार्वजनिक मंच पर लाने की इजाज़त नहीं दी जाएगी।

---

### सारंडा में आपरेशन 'मेघाबुरु', कोबरा 209 बटालियन की बड़ी कार्रवाई

# 1 करोड़ का इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी ढेर, हथियार बरामद





एजेंसी ▶▶ चाईबासा

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के घने जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने माओवादी उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की। पुलिस महानिदेशक झारखंड और सीआरपीएफ महानिदेशक के संयुक्त नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान 'मेघाबुरु' के तहत किरीबुरु थाना क्षेत्र के कुम्डीह में हुई भीषण मुठभेड़ में कुख्यात शीर्ष माओवादी नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 15 माओवादी मारे गए। अनल पर झारखंड में 1 करोड़, ओडिशा में 1.20 करोड़ और एनआईए की ओर से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिनी जा रही है।

### विस्फोटक सामग्री बरामद

गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान अनल के सशस्त्र दस्ते ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कई बार मुठभेड़ हुई, जो घंटों तक चली। घटनास्थल से 15 नक्सलियों के शव, हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया।

### मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का रखा गया लक्ष्य

केंद्र सरकार ने पूरे देश में नक्सलवाद को समाप्त करने का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक निर्धारित किया है। इसी निर्देशन के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय और सुरक्षा बल भारत के नक्सल प्रभावित राज्यों में मिलीनसोल प्रेशर बढ़ाकर माओवादी ताकतों को खत्म करने का अभियान चला रहे हैं। झारखंड में भी इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान तेज किया गया है। इस अभियान के तहत पिछले कुछ वर्षों में कई शीर्ष माओवादी कमांडर मार गिराए गए हैं और बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और ठिकाने ढहाए जा चुके हैं। प्रारंभिक जांच में मारे गए 15 माओवादियों में से 11 की पहचान कर ली गई है। गुरुवार को मारे गए माओवादियों की पहचान हो गई है।

---

### *रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे*

# रामलला को भेंट किया गया भव्य 'स्वर्ण कोदंड', इसे 48 महिलाओं ने तैयार किया

### ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य वीरता और कारगिल युद्ध शहीदों के नाम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को भव्य 'स्वर्ण कोदंड' भेंट किया गया है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूरे हो गए हैं। मंदिर में देशभर से श्रद्धालुओं की ओर से अनुपम उपहार भेंट किए जा रहे हैं। तीसरे वर्ष की शुरुआत में गुरुवार को रामलला के लिए एक और ऐतिहासिक और अद्वितीय भेंट 'स्वर्ण कोदंड' रामनगरी लाई गई है। यह कारसेवकपुरम में रखा गया, फिर ट्रस्ट को दिया।

**पंचधातु से बना यह कोदंड**



गुरुवार को यह कोदंड अयोध्या पहुंचा। यहां रामलला को समर्पित किया गया। पंचधातु से बने इस कोदंड में सोना, चांदी, तांबा, जस्ता और लोहे का प्रयोग हुआ है।

**8 महीने में तैयार किया, ऑपरेशन सिंदूर भी अंकित**

तमिलनाडु के कांचीपुरम की 48 महिला कारीगरों ने 8महीने की मेहनत से इसे तैयार किया है। लगभग 8 फीट लंबे इस कोदंड पर ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य वीरता और कारगिल युद्ध शहीदों के नाम अंकित हैं। इसकी अनुमानित लागत करीब सवा करोड़ बताई जा रही है।

### अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्राधिकरण का एक और नोटिस

**प्रयागराज।** मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस जारी किया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि मौनी अमावस्या पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न करने के प्रयास में क्यों न मेला क्षेत्र में उनका प्रवेश हमेशा के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाए। उन्हें 18 जनवरी को नोटिस जारी किया गया है और 24 घंटे में ही जवाब मांगा गया था। यह नोटिस अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर पर चस्पा मिला। यह अधिकृत हस्ताक्षरी के नाम से जारी किया गया है।



### 'मेदराम जतारा' की तैयारियां शुरू



**हैदराबाद।** मेदराम जतारा कोया समुदाय का तीन दिवसीय द्विवार्षिक आदिवासी उत्सव है, जो माघ माह में आयोजित होता है। इसे विश्व के सबसे बड़े स्वदेशी आध्यात्मिक समागमों में से एक माना जाता है और वर्ष 1996 में इसे राज्य उत्सव घोषित किया गया था। यह दंडकारण्य के वन में स्थित एटुरनागरम वन्यजीव अभयारण्य के भीतर, गोदावरी नदी की सहायक नदी जंपन्ना वागु के तट पर आयोजित किया जाता है।

---

### मुंबई में 29 शहरों के महापौर का आरक्षण लाटरी के आधार पर तय

# बीएमसी में होगी महिला मेयर, तेजस्वी का नाम उछला



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीएमसी में मेयर पद महिला को ही मिलेगा। भाजपा-शिवसेना मिलकर महापौर का नाम तय करेंगे। नवी मुंबई में भी महापौर पद महिला को मिलेगा, जबकि ठाणे में एससी वर्ग से बनेगा। शहरी विकास विभाग ने गुरुवार को लॉटरी के जरिए आरक्षण तय किया, जिसके आधार पर बीएमसी मेयर पद पर महिला की ताजपोशी होगी।

## मुंबई, पुणे समेत 15 नगर निगमों को मिलेंगी महिला महापौर

**भाजपा शिवसेना मिलकर तय करेंगे नाम**

### नागपुर महानगरपालिका में भी महिला को कमान




बीएमसी

मुंबई, पुणे, नागपुर महापालिकाओं में भी महिलाओं के हाथों में कमान होगी। लॉटरी में यह पद भी महिलाओं को आरक्षित किया गया है। देश की सबसे अमीर महानगरपालिका मुंबई बीएमसी समेत पुणे, नागपुर और नाशिक के मेयर की कुर्सी अब सामान्य श्रेणी (महिला) के लिए आरक्षित कर दी गई है।

**घोसालकर का नाम सबसे आगे चल रहा**

मुंबई मेयर पद की रेस में भाजपा की ओर से जिन महिला नगरसेवक का नाम सबसे आगे चल रहा है वह नाम तेजस्वी घोसालकर का है। दहिसर के वार्ड नंबर 2 से चुनी गईं तेजस्वी भी मेयर पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। तेजस्वी दूसरी बार मुंबई महानगर पालिका में जा रही हैं।

### रोटेशन प्रणाली के आधार पर हो गया निश्चित

बीएमसी समेत सभी नगर पालिकाओं में मेयर पद एससी-एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को रोटेशन प्रणाली के आधार पर दिया जाता है। यह आरक्षण व्यवस्था पहले से तय नहीं होती और इसके लिए लॉटरी सिस्टम बनाया गया है। जब तक यह लॉटरी नहीं निकाली जाती, तब तक राजनीतिक पार्टियां मेयर पद के लिए उम्मीदवारों को नाम का ऐलान नहीं कर सकतीं।

---

### बंगाल में एसआईआर पर तकरार

# कोर्ट के आदेश पर हो रहा सुधार कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश पर अमल शुरू कर दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप सभी सुधार करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने पुलिस महानिदेशक , पुलिस कमिश्नर और सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षकों को एसआईआर के दौरान सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आश्वस्त किया है किसी को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को कई निर्देश दिए थे। आयोग ने एसआईआर के लिए जो निर्देश दिए हैं, उनके मुताबिक 24 जनवरी तक तार्किक श्रेणी के तहत लोगों की नाम से संबंधित विसंगतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# 2030 तक खतरे में होंगी व्हाइट कॉलर नौकरियां, एआई को लेकर डब्ल्यूईएफ की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर में 'ग्रेट जॉब शेक-अप' (नौकरियों का बड़ा फेरबदल) शुरू हो चुका है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की चौंकाने वाली रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि साल 2030 तक लाखों नौकरियां इतिहास का हिस्सा बन सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन की बढ़ती रफ्तार ने उन क्षेत्रों में खतरे की घंटी बजा दी है, जिन्हें अब तक सुरक्षित माना जाता था। डेटा प्रोसेसिंग, अकाउंटिंग और एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े रोल्स टेक्नोलॉजी के हाथों में जाने के लिए तैयार हैं। इस बदलाव का मतलब यह नहीं है कि काम खत्म हो जाएगा.. बस काम करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा। जो लोग समय रहते नई तकनीक और स्किल्स के साथ खुद को नहीं ढालेंगे, उनके लिए जॉब मार्केट में टिक पाना नामुमकिन होगा। यह संकट केवल कम स्किल्ड लेबर तक सीमित नहीं है, चार्टर्ड अकाउंटेंट, ऑडिटर्स और डेटा एनालिस्ट जैसे उच्च शिक्षित प्रोफेशनल्स पर भी एआई का साया मंडरा रहा है।

## बिना स्कील के जॉब मार्केट में टीके रहना मुश्किल होगा

### अगले 5 साल में ये नौकरियां खत्म हो जाएंगी?

*दशकों से अकाउंटिंग और ऑडिटिंग को करियर के सबसे स्टेबल विकल्पों में गिना जाता रहा है। लेकिन डब्ल्यूईएफ की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2030 तक ये नौकरियां गायब हो सकती हैं। कारण साफ है- सॉफ्टवेयर अब कठिन से कठिन बैलेंस शीट और टैक्स कैलकुलेशन को बिना किसी मानवीय गलती के सेकंडों में हल कर सकते हैं। एल्गोरिदम अब धोखाधड़ी का पता लगाने और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस करने में इंसानों से कहीं अधिक कुशल हो गए हैं।*



एआई और ऑटोमेशन की बढ़ती रफ्तार ने खतरे की घंटी बजा दी

### प्रशासनिक और डेटा एंट्री ऑपरेटर होंगे प्रभावित

मौजूदा दौर में ऑफिस में होने वाले रूटीन काम (जैसे डेटा एंट्री, रिकॉर्ड कीपिंग और एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट) की भूमिकाएं तेजी से ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही हैं। एआई टूल्स अब ईमेल शेड्यूल करने, मीटिंग्स की समरी बनाने और फाइल्स को व्यवस्थित करने का काम आसानी से कर रहे हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट का अनुमान है कि क्लर्क और प्रशासनिक सचिवों की मांग में भारी गिरावट आएगी। अगले 5 सालों में ये भूमिकाएं खत्म हो सकती हैं।

### कौन बनेगा भविष्य का विजेता?

*जहां एक तरफ पारंपरिक नौकरियां जा रही हैं, वहीं नई स्किल्स की डिमांड बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 'क्रिटिकल थिंकिंग', 'एनालिटिकल थिंकिंग' और 'क्रिएटिविटी' भविष्य के सबसे बड़े हथियार होंगे। एआई और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, सस्टेनेबिलिटी एक्सपर्ट्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्पेशलिस्ट की मांग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी जाएगी। इसके अलावा, जिन कामों में मानवीय संवेदनाओं और सहानुभूति की जरूरत है (जैसे केयरगिविंग और मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल), वे नौकरियां सुरक्षित रहेंगी।*

## खबर संक्षेप

### बीओआई के लाभ में 7.5 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 2,705 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,517 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया था।

### इटर्नल का तीसरी तिमाही लाभ 73 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली इटर्नल का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 72.88 प्रतिशत बढ़कर 102 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 59 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। ब्लिंकिट के वर्तमान सीईओ अलबिंदर सिंह ढींडसा को एक फरवरी से ''इटर्नल'' का नया सीईओ नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

### रेजरपे पीओएस को मिला आरबीआई से लाइसेंस




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रेजरपे की 'ऑफलाइन' भुगतान इकाई रेजरपे पीओएस को आरबीआई से 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में कार्य करने का लाइसेंस मिल गया है। रेजरपे के पास अब आरबीआई के तीनों प्रमुख लाइसेंस, ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर, क्रॉस-बॉर्डर एग्रीगेटर और ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नैसकॉम ने बजट को लेकर सरकार के सामने रखी अपनी मांग

# नैसकॉम की बजट में क्लाउड कर में स्पष्टता और स्टार्टअप को अधिक लाभ देने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योग जगत की संस्था नैसकॉम को केंद्रीय बजट में कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) के तहत कर स्थगन का लाभ अधिक स्टार्टअप को दिए जाने और भारतीय डेटा केंद्रों के विदेशी क्लाउड उपयोग की कर संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए उचित स्पष्टीकरण लाए जाने की उम्मीद है।

इस संगठन में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां सहित प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विभिन्न दिग्गज शामिल हैं। नैसकॉम ने बजट को लेकर अपनी मांगों में अधिक स्टार्टअप के लिए ईएसओपी पर कर भुगतान को टालने (ईएसओपी कर स्थगन) के प्रावधान को भी प्रमुखता से उठाया है।

### कैरी फॉरवर्ड लाभ का फायदा मिले

इसके साथ ही, उसने विलय या समामेलन की स्थिति में संचित घाटे एवं अप्रयुक्त अवमूल्यन के 'कैरी-फॉरवर्ड' और समायोजन (सेट-ऑफ) से जुड़े लाभों को सभी कंपनियों तक उनके व्यवसाय की प्रकृति की परवाह किए बिना विस्तारित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

**खास बातें**

- ईएसओपी के तहत कर स्थगन का लाभ मिले
- भारतीय डेटा केंद्रों के विदेशी क्लाउड उपयोग की कर चिंता दूर करे
- स्टार्टअप के लिए ईएसओपी पर कर भुगतान टालने का मुद्दा उठाया




### प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय शामिल हो

अन्य सुझावों में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) पुनर्निवेश आरक्षित कोष के पात्र उपयोग के दायरे का विस्तार करना भी शामिल है ताकि इसमें पट्टे पर ली गई प्रौद्योगिकी परिसंपत्तियां, क्लाउड अवसंरचना, सॉफ्टवेयर सब्सक्रिप्शन, इंटीरियर, सुविधाएं एवं अधिकृत एसईजेड परिचालनों से जुड़े नए कर्मचारियों की भर्ती तथा प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय भी शामिल किया जा सके।

*डिफरल की सुविधा देने का आग्रह : नैसकॉम ने सरकार से उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त सभी स्टार्टअप को ईएसओपी पर कर भुगतान के स्थगन (डिफरल) की सुविधा देने और ईएसओपी लागत को आयकर अधिनियम की धारा 37 के तहत कटौती योग्य बनाने का आग्रह किया है।*

*कर नीतियों पर ध्यान देना होगा : हालांकि पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि धीमी रही है। इसे हमारे प्रमुख बाजारों से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए और कर नीतियों पर विचार करते समय इसी संदर्भ को ध्यान में रखना होगा।''*

### उद्योग 300 अरब डॉलर का आंकड़ा छुएगा

*नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट उद्योग के लिए दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण समय में पेश किया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा, '' उद्योग के रूप में हमने पिछले वर्ष 280 अरब अमेरिकी डॉलर पर समापन किया था और इस वर्ष हम 300 अरब डॉलर के आंकड़े के करीब हैं।*

### प्रौद्योगिकी एक सशक्त माध्यम

नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी बड़ी एवं विविध आबादी को देखते हुए 'डीपफेक', डिजिटल धोखाधड़ी और उपयोगकर्ताओं को पेश होने वाली अन्य समस्याओं से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) के कामकाज को लेकर एक संतुलित एवं चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी उद्योग की भविष्य की सफलता की नींव, भरोसे पर ही टिकी होगी।

### एआई का उपयोग समस्याएं कम करने में हो

प्रौद्योगिकी को एक बड़ा सशक्त माध्यम बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि एआई का उपयोग इसके कारण उत्पन्न होने वाली कई तरह की समस्याओं को कम करने और रोकने के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपयोगकर्ताओं को नुकसान के बाद प्रतिक्रिया देने वाले विनियमन के बजाय अब 'प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा सीमाएं' (टेक्नोलॉजी-लेड गार्डरेल्स) तय करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

# शेयर बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबरा, सेंसेक्स 398 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- ग्रीनलैंड मामले में ट्रंप के नरम रुख से बाजार में सुधार
- एक समय सेंसेक्स में 873.55 अंक का उछाल दर्ज किया गया

वैश्विक बाजारों में मजबूती और ग्रीनलैंड मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 132 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 397.74 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 873.55 अंक उछलकर 82,783.18 अंक तक पहुंच गया था।

निफ्टी 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़कर 25,289.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 278.25 अंक की तेजी के साथ 25,435.75 के स्तर तक पहुंच गया था।

### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार मजबूत रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## फोनपे के शेयरधारक 10 हजार करोड़ की हिस्सेदारी बेचेंगे

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे के शेयरधारक वॉलमार्ट, टाइगर ग्लोबल और माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस कंपनी के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में करीब 10,115 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी के अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसलिए आईपीओ के माध्यम से कंपनी कोई अतिरिक्त पूंजी नहीं जुटाएगी।

# रुपया तीन पैसे सुधरकर 91.62 प्रति डॉलर पर बंद

- रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार आया
- ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणी से बाजार की धारणा सुधरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार के साथ तीन पैसे बढ़कर 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणियों से भी बाजार धारणा में सुधार हुआ। ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के एक समझौते का ढांचा तय हो गया है और एक फरवरी से यूरोपीय देशों पर प्रस्तावित शुल्क को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.54 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये ने 91.48 के उच्च स्तर और 91.68 के निचले स्तर को भी छुआ। लेकिन अंत में यह 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसके अब तक के सबसे निचले स्तर से तीन पैसे अधिक है। बुधवार को रुपया 68 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 91.65 पर बंद हुआ था।

# सैक्स ने 2026 के लिए सोने का लक्ष्य किया 1,80,000 रुपये

**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स ने सोने की कीमत का अपना सालाना लक्ष्य बढ़ा दिया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक बैंक ने दिसंबर 2026 के लिए सोने की कीमत का अनुमान 4,900 डॉलर प्रति औंस से बढ़ाकर 5,400 डॉलर प्रति औंस कर दिया है। अगर मोटे तौर पर कहें तो भारतीय बाजारों में 10 ग्राम सोने का भाव 1,80,000 रुपए तक पहुंच सकता है। हालांकि आज सोने के भाव में गिरावट है। एमसीएक्स पर दोपहर गोल्ड का फरवरी वायदा 0.77 पर्सेंट टूटकर 151687 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया था। यह बढ़ोतरी इसलिए की गई है क्योंकि निजी निवेशक मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों को लेकर उत्पन्न जोखिमों से बचाव के लिए सोना खरीद रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह ट्रेंड इस साल भी जारी रहेगा, क्योंकि ये जोखिम पूरी तरह से खत्म नहीं होंगे।

## सोना-चांदी में रिकॉर्ड तेजी का दौर थमा, मुनाफा वसूली से फिसले दाम

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोना और चांदी के दाम रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गए। कमजोर वैश्विक संकेतों और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने के बीच मुनाफावसूली होने से दोनों कीमती धातुओं में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,500 रुपये यानी 1.56 प्रतिशत गिरकर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में यह अब तक के उच्चतम स्तर 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी अपनी लगातार नौ दिनों की रिकॉर्ड तेजी पर विराम लगाते हुए 14,300 रुपये यानी 4.3 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की और 3,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। इससे पहले सत्र में चांदी 11,300 रुपये चढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## राशिफल


**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।


**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।



**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।


**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।


**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## सोने पर कर्ज देने वाली एनबीएफसी की परिसंपत्तियां बढ़ने की उम्मीद

- एयूएम अगले साल चार लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान : क्रिसिल

**नई दिल्ली।** सोने के आभूषणों पर कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अगले वित्त वर्ष तक लगभग 40 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है और मार्च 2027 तक ये चार लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती हैं। यह जानकारी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस वृद्धि के पीछे बढ़ती हुई सोने की कीमतें, सुरक्षित कर्ज की तरफ झुकाव और विकसित नियामकीय माहौल मुख्य कारक हैं। वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच इन एनबीएफसी की वार्षिक वृद्धि दर 27 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में सोने की कीमतें लगभग 68 प्रतिशत बढ़कर ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक अपर्णा किरुबकरण ने कहा कि सोने के दाम उछलने से गिरवी रखे गए सोने का मूल्य भी बढ़ा है, जिससे उधारदाताओं को अपने ऋण वितरण को बढ़ाने में मदद मिल रही है।



**भारत रंग महोत्सव 2026 का 25वां संस्करण अपने अब तक के सबसे बड़े संस्करण के रूप में देश भर के 40 स्थानों और 7 महाद्वीपों के प्रत्येक देश में आयोजित किया जाएगा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित दुनिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय थिएटर महोत्सव, भारत रंग महोत्सव 2026 का 25वां संस्करण इस वर्ष 27 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक अभूतपूर्व और भव्य पैमाने पर प्रस्तुत किया जाएगा, जो महोत्सव के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में स्थापित होने जा रहा है। 136 चयनित नाटकों और शेष आमंत्रित प्रस्तुतियों के साथ-साथ 12 अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियों सहित कुल 277 भारतीय प्रस्तुतियों का देश भर के 40 केंद्रों में मंचन किया जाना है, जिसमें 228 भाषाओं और बोलियों में प्रदर्शन शामिल होंगे। चयनित नाटक विभिन्न थिएटर समूहों के 817 राष्ट्रीय और 34 अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों के स्क्रीनिंग का परिणाम हैं। इसके अलावा महोत्सव में 19 विश्वविद्यालय प्रस्तुतियाँ और 14 स्थानीय प्रस्तुतियाँ भी प्रदर्शित की जाएँगी।

## छह गीगाहट्र्ज बैंड में 500 मेगाहट्र्ज का स्पेक्ट्रम लाइसेंस से हुआ मुक्त


**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने छह गीगाहट्र्ज बैंड की निचली फ्रीक्वेंसी रेंज में 500 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस-मुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस कदम से देश में वाई-फाई सेवाओं को काफी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यह अधिसूचना 16 मई, 2025 को जारी मसौदा गजट अधिसूचना में छह गीगाहट्र्ज बैंड वाली इस फ्रीक्वेंसी को लाइसेंस से मुक्त करने के इरादे की घोषणा के करीब छह महीने बाद जारी की गई है। अधिसूचना के मुताबिक, 5925-6425 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी बैंड में कम-पावर इनडोर और बहुत कम पावर वाले आउटडोर वायरलेस एक्सेस सिस्टम शामिल) के संचालन के लिए किसी लाइसेंस या फ्रीक्वेंसी आवंटन की जरूरत नहीं होगी। यह उपयोग गैर-हस्तक्षेप, गैर-संरक्षण और साझा आधार पर किया जाएगा। अधिसूचना में 6425-6725 मेगाहट्र्ज और 6725-7125 मेगाहट्र्ज बैंड को छह गीगाहट्र्ज के ऊपरी हिस्से का अंग बताया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

My Mother Late Smt. KAVITA BANSAL W/o Mr. Vijay Kumar Bansal R/o B-278, Lok Vihar, Pitampura, North West Delhi, Delhi-110034 booked a flat No: SOCRATES3-1805, in project called Supertech CZAR SUITES situated at Plot No. GH-02, Sector- OMICRON-1, GREATER NOIDA 201308. After her death on 19.06.2020, I requested to M/s Supertech Limited to transfer this flat on my name alone. If anybody/financial institution has any objection, he/she may contact to M/s Supertech Limited office at Plot No C-2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh 201303 within 15 days.

Ms. Shilpa Bansal
D/o Mr. Vijay Kumar Bansal
R/o B-278, Lok Vihar, Pitampura, North West Delhi, Delhi 110034

## शब्द पहेली - 6117



**बाएँ से दाएँ**


1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6116 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | य | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |



# विजय अभियान जारी रखने आज उतरेगा भारत, संजू व किशन पर होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी।

वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा।

### टीम प्रबंधन के भरोसे पर किशन को खरा उतरना होगा

श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी

### कप्तान सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास कुछ बढ़ा होगा

आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए।

### अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी

अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है।

### खास बातें

- रायपुर में आज खेला जाएगा दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला
- पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत हासिल की थीं
- मैच में सैमसन व ईशान के बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा था



### भारत का गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित

निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति में भी गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित नजर आता है।

### बुमराह को पावरप्ले में किया जा सकता है इस्तेमाल

अगर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या पावरप्ले में विकेट लेते रहते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले के बाद तीन ओवरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे टीम को बीच के ओवरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा।

### रायपुर में भी ओस पड़ने की संभावना

भारत ने नागपुर में बड़ा स्कोर बनाया था जिससे वह ओस का प्रभाव कम करने में सफल रहा। यहां भी ओस पड़ने की संभावना है और कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं होगा, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले महीने दिखाया था, जब उन्होंने एक वनडे मैच में भारत के खिलाफ 359 रन का पीछा काफी आसानी से कर लिया था।

### न्यूजीलैंड वापसी के लिए बेताब

न्यूजीलैंड जानता है कि गेंदबाजी के मोर्चे पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं था लेकिन उसकी टीम जल्द ही संभल जाती है और इसलिए वह वापसी करने के लिए बेताब होगी। डेवोन कॉनवे के हाल में आउट होने के तरीके को लेकर वे थोड़ा चिंतित होंगे, जिसमें वे बाहर जाती हुई गेंदों पर स्लिप कॉर्डन में कैच आउट हो जाते हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

मैच **शाम सात** बजे शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर ने की साइना नेहवाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने पूर्व विश्व नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की तारीफ करते हुए कहा कि आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता समय के साथ बनती है और उसकी विरासत केवल पदकों तक सीमित नहीं है। साइना ने पिछले दो साल से घुटने की चोट से परेशान रहने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि उनका शरीर अब उच्च स्तरीय खेल की जरूरतों को सहन नहीं कर सकता। हैदराबाद की इस 35 साल की खिलाड़ी ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''प्रिय साइना, आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता एक-एक दिन के प्रयास, धैर्य, साहस और निरंतरता से बनती है। आपने भारतीय बैडमिंटन को विश्व स्तर पर पहुंचाया और दिखाया कि विश्वास, जब तैयारी के साथ जुड़ता है, तो किसी खेल की दिशा बदल सकता है। आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि पदकों से परे है।''

### पोंजी स्कीम का शिकार बने पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

**कराची।** पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाले शाहीन शाह अफरीदी सहित पाकिस्तान के कई शीर्ष क्रिकेटर कथित तौर पर एक 'पोंजी स्कीम' का शिकार हो गए हैं जिसमें उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है। एक सूत्र ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि यह मामला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संज्ञान में आ गया है और बोर्ड इस कथित वित्तीय घोटाले की जांच कर रहा है। सूत्र के अनुसार करीब एक दर्जन मौजूदा खिलाड़ियों के साथ एक पूर्व टेस्ट कप्तान ने भी एक पाकिस्तानी कारोबारी के पास बड़ी रकम निवेश की थी और अब यह व्यवसायी देश छोड़कर जा चुका है।

### भारत के पूर्व डिफेंडर पाशा का निधन

**नई दिल्ली।** भारत और ईस्ट बंगाल के पूर्व डिफेंडर इलियास पाशा का बृहस्पतिवार को यहां लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 61 साल के थे।



उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और दो बेटे हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पाशा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पाशा का नाम कर्नाटक के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार है। समर्पित और मृदुभाषी खिलाड़ी पाशा ने डिफेंस में अपना दबदबा कायम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाशा ने 27 जनवरी 1987 को कोझिकोड में नेहरू कप के दौरान बुल्गारिया के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन : जोकोविच ने सीधे सेटो में फ्रांसेस्को को दी मात

# जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 399वीं जीत से तीसरे दौर में, सिनर भी जीते

- नोवाक ने पहली बार टूर्नामेंट में अपनी सर्विस गंवाई
- सिनर ने जेम्स डकवर्थ को तीन सेटो में सीधे हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर भी आगे बढ़ने में सफल रहे। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।




### जोकोविच 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की कवायद में

वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, ''कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है।'' तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने मैरी बोजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया जबकि मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए रात्रि मैच का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसमें नाओमी ओसाका ने सोराना सिर्स्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया।



### मौजूदा महिला चैंपियन कीव को मिली कड़ी चुनौती

महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की।



### सिनर तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में

इसके कुछ ही समय बाद सिनर ने जेम्स डकवर्थ पर दो घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखी। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया।

## टाटा स्टील मास्टर्स

# गुकेश ने चेक के गुयेन को हराया फेडोसीव ने एरिगैसी को चौंकाया





एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी (नीदरलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ मुकाबलों के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की जबकि अर्जुन एरिगैसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी। एरिगैसी ने इस हार के कारण अपनी संयुक्त बढ़त गंवा दी। बृहस्पतिवार को शुरुआती विश्राम दिवस से ठीक पहले मिली इस जीत के साथ गुकेश ने पांच में से तीन अंक हासिल कर लिए और तीन खिलाड़ियों से पीछे संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए।

अमेरिका के हांस नीमन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अब्दुसत्तोरोव के हमवतन और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने कड़ी टक्कर के बाद युवा यागिज काआन एरदोगमुस को हराया।

### तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर

तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश फेडोसीव और नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वान फोरेस्ट के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। 114 खिलाड़ियों के 13 दौर वाले इस टूर्नामेंट में अभी नौ दौर बाकी हैं। एरिगैसी 2.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह दो अन्य भारतीयों अरविंद चिदंबरम और आर. प्रज्ञानानंदा से एक अंक आगे हैं। गुकेश ने काले मोहरों से दबाव के बीच 51 चाल में जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''यह एक अच्छी जद्दोजहद थी।''

## महिला प्रीमियर लीग

# डिवाइन के हरफनमौला खेल से गुजरात ने यूपी वॉरियर्स को 45 रन से हराया



- जाएंट्स की तीसरी जीत
- सोफी की फिफ्टी और 2 विकेट

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

सोफी डिवाइन के हरफनमौला खेल से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग टी-20 मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां यूपी वॉरियर्स को 45 रन से शिकस्त देकर लगातार तीन हार के बाद जीत का स्वाद चखा। डिवाइन ने नाबाद 50 रन की संयमित पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए 16 रन देकर दो विकेट चटकाये। गुजरात जायंट्स ने आठ विकेट पर 153 रन बनाने के बाद यूपी वॉरियर्स को 108 रन पर आउट कर दिया। इस जीत के बाद गुजरात छह अंक के साथ तालिका में दूसरे जबकि यूपी वॉरियर्स चार अंक के साथ पांचवें और आखिरी पायदान पर है। गुजरात के लिए राजेश्वरी ने भी 16 रन देकर तीन विकेट झटक कर टीम में अपनी वापसी को यादगार बनाया। रेणुका सिंह ने भी दो सफलता हासिल की। यूपी के लिए फोबे लिचफील्ड ने 32 और क्लो ट्रायोन ने नाबाद 30 रन का योगदान दिया। इससे पहले डिवाइन ने पिछले तीन मैचों की लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 42 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाये। न्यूजीलैंड की यह अनुभवी खिलाड़ी पारी की शुरुआत में रन आउट होने से बचीं और बाद में 35 रन पर नो-बॉल पर उनका कैच भी छूटा। उन्होंने इसका पूरा लाभ उठाते हुए अंतिम ओवर में शिखा पांडे की गेंदों पर दो छक्के जड़कर जायंट्स को 150 रन के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वॉरियर्स को पहले ओवर में ही किरण नवगिरे के निराशाजनक तरीके से आउट से बड़ा झटका लगा।

### पेस ने किया गोल्फ का रुख, चैंपियन तैयार करने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने अब अपना ध्यान गोल्फ की ओर करते हुए विभिन्न खेलों में ओलंपिक चैंपियनों को तैयार करने का लक्ष्य बनाया है। अठारह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन पेस ने देश में उभरती गोल्फ प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), 'प्रोफेशनल गोल्फर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (पीजीएआई) और 'द गोल्फ फाउंडेशन' (टीजीएफ) के साथ साझेदारी की है। इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने बृहस्पतिवार को आईजीयू, पीजीएआई और टीजीएफ के सहयोग से 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' का शुभारंभ किया, जो भारतीय गोल्फ खिलाडियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने की दिशा में एक अहम पहल है।

### युकी मिश्रित युगल के पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न।** भारत के युकी भांबरी और उनकी अमेरिकी साथी निकोल मेलिचर-मार्टिनेज गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के पहले दौर में जर्मनी के टिम पुट्ज़ और चीन की झांग शुआई की जोड़ी से हार गए। भांबरी और मेलिचर-मार्टिनेज को पुट्ज़ और शुआई की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-3 1-6 (10-6) से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भांबरी का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि वह पुरुष युगल स्पर्धा में मुकाबले में बने हुए हैं। युकी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को पुरुष युगल के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से पराजित किया था।

# सिंधू-लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य के सामने थाईलैंड की उभरती प्रतिभा पनीचाफोन टीरारत्सकुल की चुनौती होगी। टीरारत्सकुल ने पेरिस में कांस्य पदक जीतने वाली मलेशिया की ली जी जिया को हराया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है।

### सिंधू ने डेनमार्क की होजमार्क को 21-19, 21-18 से हराया



### लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन को सीधे सेटो में हराया



### श्रीकांत चीन ताइपे के चेन से हारे

भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखा सके और प्री-क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से 11-21 10-21 से हार गए।

## आईसीसी ने मैच स्थल बदलने की मांग खारिज कर दी थी

# बांग्लादेश को अब भी आईसीसी से न्याय की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था। इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया। विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा।

## भारत में टी20 विश्वकप नहीं खेलने पर अड़ा

### गुरुवार तक दिया गया था समय

आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को बृहस्पतिवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है।

### आईसीसी का रुख स्वीकार नहीं

हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा और स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा।



### भारत में खेलने को लेकर खतरा अब भी बना हुआ

नजरुल ने कहा, ''हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। ''उन्होंने कहा, ''हम इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि वे हमारी पूरी टीम, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। '' सलाहकार ने कहा, ''हमने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा। ''

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया 'बोर्ड ऑफ पीस' का ऐलान

# कहा- यूएन के साथ मिलकर काम करेंगे



दावोस में गाजा पर बोर्ड ऑफ पीस का आगाज करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (बीच में), साथ में अन्य देश

एजेंसी ▶▶ दावोस

राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के दौरान गाजा पर अपने प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' के पहले चार्टर का औपचारिक उद्घाटन और हस्ताक्षर समारोह किया। यह एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो वैश्विक संघर्षों को सुलझाने के लिए बनाया गया है, हालांकि इसकी शुरुआत इजराइल-हमास युद्ध के बाद गाजा के पुनर्निर्माण और शासन की निगरानी से हुई थी। अब इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। इसकी स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर का मूल्य टैग लगाया गया है। समारोह में कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और शीर्ष राजनयिक मौजूद थे, शामिल रहे। विश्व के 20 देशों ने ट्रंप के साथ इस पर हस्ताक्षर भी कर दिया है। जबकि चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और भारत सहित अन्य कई देशों ने फिलहाल इससे दूरी बना ली है।

### ट्रंप होंगे बोर्ड के अध्यक्ष

ट्रंप ने इस बोर्ड की अध्यक्षता स्वयं संभालने की बात कही है। इसके चार्टर के अनुसार वे इसे जीवन भर संभाल सकते हैं। हालांकि भविष्य में वह अमेरिकी राष्ट्रपति किसी अन्य को नामित कर सकते हैं। बोर्ड ऑफ पीस का यह विचार ट्रंप की 20-सूत्री गाजा सीजफायर योजना से निकला था, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी समर्थन दिया था। शुरू में यह गाजा के पुनर्निर्माण, मानवीय सहायता और शासन पर फोकस करने वाला छोटा समूह था, लेकिन अब यह वैश्विक संघर्षों (जैसे यूक्रेन, अन्य क्षेत्रीय विवाद) को सुलझाने वाले निकाय के रूप में पेश किया जा रहा है। कुछ आलोचकों का मानना है कि यह संयुक्त राष्ट्र के कार्यों को चुनौती दे सकता है। या प्रतिस्पर्धी बन सकता है। ट्रंप ने कहा है कि यूएन को जारी रहना चाहिए।

**गाजा के पुनर्निर्माण के लिए रूस अपनी जब्त संपत्तियों से एक अरब अमेरिकी डॉलर देने को तैयार**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मॉस्को ट्रंप की पहल वाले शांति बोर्ड के तहत गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर आवंटित करने को तैयार है। यह रकम अमेरिका में जब्त की गई रूसी संपत्ति से दी जाएगी। पुतिन ने रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में, फिलिस्तीनी नेता महमूद अब्बास से मुलाकात की और यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में वास्तविक समाधान की एकमात्र कुंजी एक पूर्ण संप्रभु फिलिस्तीनी राष्ट्र है। वहीं महमूद अब्बास ने कहा कि रूस पिछले 50 वर्षों से फिलिस्तीन का एक अच्छा मित्र रहा है। रूस ने हमेशा फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में एक मजबूत रुख अपनाया है।

ट्रंप की जेलेंस्की से मुलाकात

### पुतिन को संदेश : युद्ध को खत्म करना होगा

ट्रंप ने कहा कि उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक अच्छी रही और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनका संदेश है कि 'युद्ध समाप्त होना चाहिए'। ट्रंप ने कहा कि मेरी मुलाकात राष्ट्रपति जेलेंस्की से यहां हुई। बैठक अच्छी रही। हम (अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल) आज या कल राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे। पुतिन के लिए मेरा संदेश है युद्ध को समाप्त करना होगा। बहुत से लोग मारे गए हैं। उन्होंने दावा किया कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए एक समझौते के 'काफी करीब' हैं।

### ट्रंप बोले- सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड

ट्रंप ने उद्घाटन भाषण में दावा किया कि यह अब तक का सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड होगा। हर कोई इस बोर्ड का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र सहित कई अन्य देशों और संगठनों के साथ मिलकर काम जारी रखेंगे। ट्रंप ने इसे बहुत रोमांचक दिन बताया और कहा कि बोर्ड सुंदर ढंग से चल रहा। यह पहले से ही काम शुरू कर चुका है।

### इन देशों ने बनाई दूरी

फ्रांस, नॉर्वे, स्लोवेनिया, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम उन देशों में शामिल हैं जो कम से कम अभी के लिए बोर्ड में शामिल नहीं होंगे। ट्रंप द्वारा आमंत्रित लेकिन अब तक कोई प्रतिबद्धता नहीं जताने वाले देशों में कंबोडिया, चीन, क्रोएशिया, साइप्रस, यूनान, इटली, पैराग्वे, रूस, सिंगापुर, थाईलैंड और यूक्रेन शामिल हैं। वहीं भारत, रूस, चीन, यूक्रेन आदि ने अभी इस पर निर्णय नहीं लिया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने पर कोई भी फैसला रणनीतिक साझेदारों से परामर्श के बाद ही लिया जाएगा।

### 20 से ज्यादा देशों ने किए हस्ताक्षर

20 से अधिक देशों ने चार्टर पर हस्ताक्षर किए हैं या शामिल होने की पुष्टि की है। इन प्रमुख सदस्य देशों में शामिल हैं: पाकिस्तान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, कतर, जॉर्डन, तुर्की, इंडोनेशिया, मोरक्को, हंगरी, अर्जेंटीना, अजरबैजान, आर्मेनिया, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, कोसोवो, बेलारूस, वियतनाम और इजराइल। हालांकि, करीब 35 देश इस परियोजना में शामिल होने पर सहमत हो चुके हैं, जबकि 60 देशों को आमंत्रित किया गया था।

